फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 330 प्रभात जयपुर, सोमवार 1 जुलाई, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



HEAD BACK TO SCHOOL

'Where is my uniform?' From brushing my teeth to tying the shoelaces, I was in a constant rush. My mother wanted to know what I would like to take for school lunch.

Romancing Health-care with Music

Music has also its own sublime romanticism in healing neurological, physical and other ailing patients

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



*दक्षिण -पूर्व चीन के गुईजो प्रांत में स्थित अनलांग काउन्टी की पर्वत श्रृंखला की तस्वीरों ने इंटरनेट का उपयोग करने वालों को मोहित कर लिया है। सोशल मीडिया में, हाल में शेयर किए हुए फुटेज में, कई पहाड़ी चोटियां मिस्र के पिरामिडों की तरह नज़र आ रही हैं, जिसके कारण सोशल मीडिया पर उनके स्रोत (ओरिजिन) के बारे में बहस छिड़ गई है। कुछ लोगों का मानना है कि, ये रचनाएं मानव-निर्मित हैं जिन्हें प्राचीन काल के सम्राटों की कब्रों को छुपाने के लिए बनाया गया होगा, जबकि कुछ का मानना है कि, ये ''एलियन्स'' द्वारा बनाए गए हैं। तथापि, वास्तविकता आश्चर्यजनक होने के साथ-साथ नीरस भी है, क्योंकि, ये प्राकृतिक रचनाएं हैं, कोई नाटकीय तथ्य इनसे जुड़ा हुआ नहीं है। गुईजो नॉर्मल युनिवर्सिटी के भूविज्ञानी, प्रोफेसर जो चोवैन के अनुसार, ''पिरामिड जैसी दिखने वाली ये पहाड़ियां न तो मानव -निर्मित हैं और न ही प्राचीन कब्रों का स्थान हैं, बल्कि प्रकृति की कलात्मकता का उदाहरण हैं।'' दक्षिण-पूर्व चीन का गुईजो प्रांत खड़ी चोटियों वाले पहाड़ों की श्रृंखला और गहरी घाटियों वाले लैण्डस्केप के लिए जाना जाता है। तस्वीर में दिखने वाले ये पहाड़, कार्स्ट टोपोग्राफी का एक हिस्सा हैं जो घुलनशील कार्बोनेट चट्टानों के विघटन की प्रक्रिया से बनता है। ''कोन'' जैसी दिखने वाली ये चोटियाँ प्राकृतिक शैल संरचनाओं का परिणाम हैं। चोवैन ने बताया, ''पानी के वर्टिकल कटाव ने चट्टानों के विस्तृत समूह को अलग-अलग इकाईयों में बांट दिया। यह कटाव प्रक्रिया निरंतर जारी रहने के कारण, शीर्ष की चट्टानें ज्यादा घुल गईं जबकि आधार की चट्टानों पर कम प्रभाव हुआ इसलिए चौड़े बेस (आधार) के ऊपर पैनी चोटियों का निर्माण हुआ। अनलांग की चट्टानें, चूने के पत्थर से बनी हुई रचनाएं हैं जो कि 200 मिलियन वर्षों से, ट्रायैसिक काल की शुरुआत से मध्य तक निर्मित हुई होंगी। ये चट्टानें समुद्री वातावरण में बनी होंगी, जहां, पानी में घुले हुए खनिज, जलवायु और जिओलॉजी (भूतत्व) में समय -समय पर होने वाले बदलाव के कारण, रीक्रिस्टलाइज़ होकर अलग-अलग विशिष्ट सतहें बना देते हैं। ईंट-नुमा संरचनाएं भी कटाव के कारण बनी हुई प्राकृतिक नक्काशी हैं। चोवैन ने विस्तार से बताया कि, कार्स्ट लैन्डस्कैप की भूगर्भीय प्रक्रियाएं परतदार चट्टानों को डिज़ॉल्व (विघटित) करके छोटे खंडों में परिवर्तित कर सकती हैं, जिससे वो मानव-निर्मित लगती हैं। चट्टानों के बीच की छोटी दरारों में पानी जाने से उनमें कटाव शुरु हो जाता है जिसके कारण पूरी तरह से घुलने के बजाय खंडित ब्लॉक जैसी नज़र आने वाली संरचनाएं बन जाती हैं।*

# 'हमे 100 में से 75 नम्बर मिले लेकिन विपक्ष तो 25 नम्बर पाकर ही खुद को पास मान रहा है'

## गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव परिणामों के बारे में विपक्ष के दावों पर तंज कसा

नई दिल्ली, 30 जून। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर लोकसभा चुनाव के परिणामों को लेकर जनता के बीच भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि, हमें 100 में 85 नंबरों की उम्मीद थी, हालांकि 75 आए और वो 25 में फेल होकर भी खुश ऐसे हैं मानो जीत गए। शाह ने कहा कि अकेले भाजपा को चुनाव में पूरे इंडिया ब्लॉक के बराबर सीटें मिली हैं। शाह ने कहा कि आगामी हरियाणा चुनाव में भाजपा अकेले चुनाव लड़ने जा रही है और दावा किया कि वे लगातार तीसरी बार सरकार बनाएंगे।

- **अमित शाह ने कहा कि, हमें 100 में 85 नंबरों की उम्मीद थी, हालांकि 75 आए और वो 25 में फेल होकर भी खुश ऐसे हैं मानो जीत गए।**
- **अमित शाह ने कहा कि, आगामी हरियाणा चुनाव में भाजपा अकेले चुनाव लड़ने जा रही है और दावा किया कि, वे लगातार तीसरी बार सरकार बनाएंगे।**
- **गौरतलब है कि, इस बार आये लोकसभा चुनावों के बाद विपक्ष पिछले दस सालों में पहली बार बेहद मजबूत हुआ है और भाजपा नीत एन.डी.ए. पर चुनाव परिणामों को लेकर लगातार तीखे हमले कर रहा है।**
- **विपक्ष दावे कर रहा है कि, चुनाव परिणामों ने जता दिया है कि, प्रधानमंत्री मोदी में जनता का विश्वास अब बाकी नहीं रह गया है।**

अमित शाह हरियाणा के पंचकूला में भाजपा नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव मौजूद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अकेले चुनाव लड़ेगी। शाह ने दावा किया कि भाजपा लगातार तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाने जा रही है। शाह ने कहा कि इस बात में कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि भाजपा इस साल अक्टूबर से पहले होने वाले राज्य चुनावों के लिए किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। पार्टी सूत्रों ने शाह के हवाले से बताया कि बैठक में उन्होंने कहा कि पार्टी को किसी बैसाखी की जरूरत नहीं है।

अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस लोगों में भ्रम फैलाकर लोकसभा चुनाव में अपनी हार को छिपाने की कोशिश कर रही है। शाह ने कहा, "हमें 100 में से 85 अंकों की उम्मीद थी, लेकिन 75 अंक ही मिल पाए और कांग्रेसी हमें फेल कह रहे हैं। उन्हें सिर्फ 25 अंक मिले और वे खुद को पास कह रहे हैं। वे (कांग्रेस) फेल होने के बाद भी खुद को पास कह रहे हैं। अकेले भाजपा को पूरे इंडिया ब्लॉक जितनी सीटें मिली हैं।"

अमित शाह ने कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और दीपेंद्र सिंह हुड्डा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हरियाणा में अब 'तारा, सितारा' नहीं चलेगा। सोनिया का आंखों का तारा (राहुल गांधी) और भूपेंद्र हुड्डा साहब का सितारा (दीपेंद्र हुड्डा)।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि, बैठक में अमित शाह ने राज्य की 10 लोकसभा सीटों में से पांच पर बीजेपी की हार का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुंबई के दो पासपोर्ट ऑफिस में भ्रष्टाचार: चौदह अधिकारियों के खिलाफ सी.बी.आई जांच शुरु

## फर्जी पासपोर्ट बनाने के मामले में सी.बी.आई. ने 33 ठिकानों पर छापे मारे, 18 एजेंटों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज हुआ

मुंबई, 30 जून। सैन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वैस्टिगेशन (सी.बी.आई.) ने फर्जी तौर-तरीकों से पासपोर्ट बनाने और भ्रष्टाचार के आरोप में मुंबई में दो पासपोर्ट सेवा केंद्र (पी.एस.के.) के 14 अधिकारियों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

सी.बी.आई. ने महाराष्ट्र में 33 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। मामले से जुड़े सी.बी.आई. अधिकारियों ने बताया कि, सी.बी.आई. ने लोअर परेल और मलाड में पासपोर्ट सेवा केंद्रों के अधिकारियों और बिचौलियों से जुड़े एक भ्रष्टाचार रैकेट का पर्दाफाश किया है। सी.बी.आई. ने अपनी 12 एफ.आई.आर. में 18 एजेंट्स और बिचौलियों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

सी.बी.आई. के एक अधिकारी ने बताया, ये अधिकारी पासपोर्ट सेवा एजेंट के साथ लगातार संपर्क में थे और अपर्याप्त या अधूरे डाक्यूमेंट्स के आधार पर या पासपोर्ट आवेदकों के पर्सनल डिटेल में हेरफेर करके पासपोर्ट जारी करने के बदले में अनुचित आर्थिक लाभ लेने के लिए बिचौलियों के साथ मिलकर साजिश रचते थे।

- **सी.बी.आई. ने अपनी 12 एफ.आई.आर. में 18 एजेंट और बिचौलियों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।**
- **सी.बी.आई. ने एफ.आई.आर में दर्ज किया है कि, अधुरे और फर्जी कागजातों के आधार पर फर्जी पासपोर्ट बनाने का काम किया जा रहा था।**

अधिकारियों ने बताया कि, 26 जून को विदेश मंत्रालय के सतर्कता विभाग के औचक निरीक्षण के दौरान कथित भ्रष्टाचार का पता चला। उन्होंने बताया कि, मोबाइल फोन, सोशल मीडिया चैट और यू.पी.आई. पेमेंट के विश्लेषण से कई लाख रुपये के कुछ संदिग्ध लेनदेन सामने आए।

सी.बी.आई. के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी --पासपोर्ट सेवा केंद्रों के अधिकारी जूनियर और सीनियर पासपोर्ट सहायकों के पद पर हैं और कथित तौर पर विभिन्न पासपोर्ट सेवा एजेंट और बिचौलियों के साथ मिलीभगत करके काम कर रहे थे। साथ ही अपने या अपने परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में अवैध रूप से पैसे ले रहे थे।

विदेश मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद सी.बी.आई. ने अधिकारियों और बिचौलियों के खिलाफ 12 एफ.आई.आर. दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि, शनिवार को मुंबई और नासिक में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें डिजिटल डिवाइस, डाक्यूमेंट्स और अन्य सामग्री जब्त की गई। गौरतलब है कि, बीते दिनों दिल्ली एयरपोर्ट पर एक फर्जी पासपोर्ट का मामला सामने आया था। एक युवा व्यक्ति फर्जी पासपोर्ट के जरिये विदेश जाने के प्रयास में एयरपोर्ट पर पकड़ा गया था, ऐसे और भी कई मामले सामने आने के बाद पासपोर्ट कार्यकालयों के खिलाफ जांच बिठाने का विदेश मंत्रालय ने निर्णय लिया था।

# यू.जी.सी. नेट की परीक्षा ऑनलाइन मोड में होगी

नई दिल्ली, 30 जून। नैशनल टैस्टिंग एजेंसी (एन.टी.ए.) ने घोषणा की है कि यू.जी.सी. नेट की फिर से होने वाली परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के रूप में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। 18 जून को आयोजित यूजीसी नेट की परीक्षा पेपर लीक होने की वजह से एक दिन बाद यानी 19 जून को रद्द कर दी गई थी।

- **नैशनल टैस्टिंग एजेंसी ने यह घोषणा की है। 18 जून को आयोजित यू.जी.सी. नेट की परीक्षा पेपर लीक होने की वजह से एक दिन बाद यानी 19 जून को रद्द कर दी गई थी।**

एनटीए ने दोबारा परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी है।

एन.टी.ए. ने कहा, यू.जी.सी. नेट जून 2024 परीक्षा पहले पेन और पेपर (ऑफलाइन) मोड में आयोजित की गई थी। यह अब सीबीटी मोड में आयोजित की जाएगी। परीक्षा अब 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच कई पालियों में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नीट यू.जी. सहित सभी एंट्रेस एग्ज़ाम ऑनलाइन मोड में आयोजित होंगे

## नीट पेपर लीक को लेकर बीते हफ्ते में करीब तीन उच्च-स्तरीय बैठकें हुई हैं, जिसमें यह परीक्षा ऑनलाइन मोड में आयोजित करने पर प्रमुखता से विचार किया गया है

नई दिल्ली, 30 जून। नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद केन्द्रीय परीक्षा एजेंसियों के खिलाफ कई तरह के सवाल उठे हैं। इस मुद्दे को लेकर छात्रों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया और संसद के गलियारों में भी इसकी गूंज सुनाई दी। नीट यू.जी. पेपर लीक पर बढ़ते विवाद के बीच केन्द्र सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगले साल से नीट यू.जी. का एग्जाम ऑनलाइन मोड में कराए जाने पर विचार चल रहा है। गौरतलब है कि, अब तक नीट की परीक्षा पेन-एंड-पेपर से होती रही है, जिसमें मल्टिपल चॉइस कॉशन टाइप के प्रश्न पूछे जाते हैं। मगर, आने वाले दिनों में नीट यू.जी. के लिए भी जे.ई.ई. मेन या जे.ई.ई. एडवांस्ड जैसी कंप्यूटर आधारित परीक्षा को अपनाया जा सकता है।

- **गौरतलब है कि, 2018 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इस मामले पर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि, 2019 से नीट यू.जी. परीक्षा का ऑनलाइन और साल में 2 बार आयोजन किया जाएगा। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय की आपत्ति के बाद शिक्षा मंत्रालय को यह निर्णय वापस लेना पड़ा। मगर, अब सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि, ऑनलाइन परीक्षा को लेकर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।**

नीट पेपर लीक को लेकर बीते हफ्ते में करीब तीन उच्च-स्तरीय बैठकें हुई हैं, जहां मामले को लेकर अलग-अलग पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। 22 जून को केंद्र सरकार की ओर से पूर्व इसरो अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय पैनल का गठन किया गया। टैस्ट प्रक्रिया व डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधारों की सिफारिश करने और नैशनल टैस्टिं एजेंसी (एन.टी.ए.) की संरचना व कार्यप्रणाली की समीक्षा के लिए यह कमेटी बनाई गई। गौरतलब है कि, 2018 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इस मामले पर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि, 2019 से नीट यू.जी. परीक्षा का ऑनलाइन और साल में 2 बार आयोजन किया जाएगा। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय की आपत्ति के बाद शिक्षा मंत्रालय को यह निर्णय वापस लेना पड़ा। मगर, अब सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि, ऑनलाइन परीक्षा को लेकर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। वहीं, नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (एन.बी.ई.) आगामी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मेघालयः दूषित भोजन के सेवन से 50 लोग अस्पताल में भर्ती

शिलांग 30 जून (वार्ता)। मेघालय के पूर्वी पश्चिमी खासी हिल्स जिले में एक अंतिम संस्कार समारोह के दौरान एक घर में कथित रूप से दूषित भोजन के सेवन के बाद महिलाओं और बच्चों सहित 50 से अधिक लोग बीमार हो गए

- **मेघालय के पूर्वी पश्चिमी खासी हिल्स जिले में एक अंतिम संस्कार समारोह के दौरान एक घर में कथित रूप से दूषित भोजन के सेवन के बाद 50 से अधिक लोग बीमार हो गए।**

है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि मरीजों को मैरांग और नोंगस्टोइन सिविल अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

मैरांग में यू तिरोट सिंग मेमोरियल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'शिक्षा से कहीं ज्यादा वैवाहिक आयोजनों पर खर्च करते हैं भारतीय'

## ब्रोकरेज फर्म जेफरीज़ ने एक रिपोर्ट में कहा है कि, भारतीय विवाह उद्योग का आकार लगभग 10 लाख करोड़ रुपये है जबकि भारतीय एजुकेशन पर पांच लाख करोड़ रुपये खर्च करते हैं

नई दिल्ली, 30 जून। भारतीय विवाह उद्योग का आकार लगभग 10 लाख करोड़ रुपये है, जो खाद्य और किराना के बाद दूसरे स्थान पर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि आम हिंदुस्तानी शिक्षा की तुलना में विवाह समारोह पर दोगुना खर्च करते हैं। भारत में सालाना 80 लाख से एक करोड़ शादियां होती हैं, जबकि चीन में 70-80 लाख और अमेरिका में 20-25 लाख शादियां होती हैं।

गौरतलब है कि, भारत में आजकल हाई प्रोफाइल शादियों का ट्रेंड भी काफी बढ़ गया है। आगामी समय में रिलायंस के मुखिया मुकेश अंबानी के बेटे की अनंत अंबानी की शादी के भी खूब चर्चे हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि, एक विशालकाय क्रूज शिप पर इस विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें देश-दुनिया के सभी जाने-माने सैलिब्रिटिज़ शिरकत करेंगे।

ब्रोकरेज फर्म जेफरीज़ ने एक रिपोर्ट में कहा है कि, भारतीय विवाह उद्योग अमेरिका (70 अरब अमेरिकी डॉलर) के उद्योग के आकार का लगभग दोगुना है। हालांकि, यह चीन (170 अरब अमेरिकी डॉलर) से छोटा है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में खपत श्रेणी में शादियों का दूसरा स्थान

- **रिपोर्ट में कहा है कि, भारत में सालाना 80 लाख से एक करोड़ शादियां होती हैं, जबकि चीन में 70-80 लाख और अमेरिका में 20-25 लाख शादियां होती हैं।**
- **रिपोर्ट के अनुसार भारतीय विवाह उद्योग का खाद्य और किराना के बाद दूसरे स्थान पर है।**
- **जेफरीज़ ने रिपोर्ट में कहा है कि, हर साल 80 लाख से एक करोड़ शादियां होने के साथ, भारत दुनिया भर में सबसे बड़ा विवाह स्थल है। कैट के अनुसार इसका आकार 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।**

है। अगर शादी एक श्रेणी होती, तो वे खाद्य और किराना (681 अरब अमेरिकी डॉलर) के बाद दूसरी सबसे बड़ी खुदरा श्रेणी होती। भारत में शादियां भव्य होती हैं और इनमें कई तरह के समारोह और खर्च होते हैं। इससे आभूषण और परिधान जैसी श्रेणियों में खपत बढ़ती है और अप्रत्यक्ष रूप से ऑटो तथा इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को लाभ मिलता है। खर्चीली शादियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के बावजूद, विदेशी स्थानों पर होने वाली आलीशान शादियां भारतीय वैभव को प्रदर्शित करती रहती हैं।

जेफरीज ने कहा, हर साल 80 लाख से एक करोड़ शादियां होने के साथ, भारत दुनिया भर में सबसे बड़ा विवाह स्थल है। कैट के अनुसार इसका आकार 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। भारत का विवाह उद्योग अमेरिका के मुकाबले लगभग दोगुना है और प्रमुख उपभोग श्रेणियों में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। भारतीय शादी कई दिनों तक चलती हैं और साधारण से लेकर बेहद भव्य तक होती हैं। इसमें क्षेत्र, धर्म और आर्थिक पृष्ठभूमि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि भारत में विवाह पर शिक्षा (स्नातक तक) की तुलना में दोगुना खर्च किया जाता है, जबकि अमेरिकी जैसे देशों में यह खर्च शिक्षा की तुलना में आधे से भी कम है।

# जनरल उपेन्द्र द्विवेदी नये सेना प्रमुख बने

नई दिल्ली, 30 जून (वार्ता)। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार को 30वें सेना प्रमुख के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्हें जनरल मनोज पांडे के स्थान पर नियुक्त किया गया है ,जो चार दशकों से भी अधिक

- **जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को जनरल मनोज पांडे के स्थान पर नियुक्त किया गया है, जो चार दशकों से भी अधिक लंबी विशिष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत हो गये।**

लंबी विशिष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत हो गये।

जनरल मनोज पांडे ने यहां साउथ ब्लाक स्थित रक्षा मंत्रालय के कार्यालय में जनरल द्विवेदी को सेना की कमान सौंपी। जनरल पांडे का कार्यकाल पिछले महीने पूरा होना था, लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्हें एक महीने का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

मेरी एक प्रबल कामना है कि मैं कम से कम एक आँख का आंसू पोछ दूं।

–महात्मा गाँधी

# क्या प्रशासन का काम केवल हमें दुख देने का ही रह गया है?

मेरे यहां जो अख़बार आते हैं उनमें इन दिनों अन्य सारी ख़बरों के साथ-साथ करीब-करीब हर दिन इस आशय के समाचार बहुत प्रमुखता से मिल रहे हैं कि शहर (मेरा आशय जयपुर से है) में अतिक्रमण, अवैध निर्माण व नाजायज़ कब्ज़ा हटाओ अभियान बहुत ज़ोर-शोर और कामयाबी के साथ चल रहा है। शहर का एक ख़ास हिस्सा अतिक्रमण से मुक्त किया जा रहा है और अब वहां की सड़कें खूब चौड़ी हो जाएंगी। सोशल मीडिया के अन्य मंचों पर भी लगभग इसी आशय की ख़बरें खूब साझा हो रही हैं। यहां तक कि दो-एक दिन से तो एक बहुत बड़े समूह के पांच सितारा होटल को भी जल्दी ही अवैध निर्माण होने की वजह से ध्वस्त किए जाने के समाचार उस होटल विशेष की तस्वीरों के साथ नज़र आ रहे हैं।

अतिक्रमण हमारे समाज की एक बहुत बड़ी बीमारी है, जिसे जब मौका मिलता है वह अपनी हैसियत और ताकत के अनुसार उस ज़मीन पर जिस पर उसका स्वामित्व नहीं है, कब्ज़ा कर लेता है। आप शहर की किसी भी सड़क या गली को देख लें, आप पाएंगे कि अतिक्रमण की वजह से वह सिकुड़ कर आधी रह गई है। अतिक्रमण करने के मामले में कोई पीछे नहीं रहना चाहता है। मामूली से मामूली आदमी से लगाकर बड़े से बड़ा आदमी इस नदी में डुबकी लगा लेने को लालायित रहता है, और मौका मिलते ही लगा भी लेता है। शहर की कॉलोनियों में कभी हम अपने घर के आगे रैम्प बनाने के नाम पर तो कभी बड़ी गाड़ी खड़ी करने के लिए जगह बनाने के नाम पर और कभी फुलवारी लगा कर पर्यावरण पर अपनी कृपा बरसाने के नाम पर अतिक्रमण करने का जुगाड़ कर लेते हैं। बाज़ारों में जाएं तो पाएंगे कि दुकानदार अपना सामान प्रदर्शित करने के नाम पर, अपना साइन बोर्ड रखने के नाम पर और न जाने किन-किन मौलिक तरीकों से अतिक्रमण कर लेते हैं। त्योहारों के सीज़न में तो बाज़ारों का जो हाल होता है, वह वर्णन से परे है। कुल मिलाकर, जो समर्थ और ताकतवर हैं वे तो पूरे के पूरे भवन ही नाजायज़ रूप से खड़े कर लेते हैं। पीछे वे भी नहीं रहते हैं जो असमर्थ और कमज़ोर हैं।

नागरिक तो नागरिक सरकारी तंत्र भी इस काम में पीछे नहीं रहता है। एक उदाहरण तो यही देखा जा सकता है कि पुलिस वाले सड़क पर जहां उनको ठीक लगता है, अपनी गुमटी खड़ी कर देते हैं। सड़क के बीच उनका वाहन खड़ा रहता है! विधायकों और मंत्रीगण की तो बात ही क्या की जाए! किसकी मज़ाल है तो उनको टोके। वे तो मालिक हैं ही। जो ख़ुद कानून बनाते हैं भला उन पर कोई कानून कैसे लागू हो सकता है? ऐसा नहीं है सब ऐसा करते हैं। लेकिन बहुत सारे लोग करते हैं।

वैसे इस सबके मूल में हमारी मानसिकता है। जो हमारा प्राप्य है और जिसके हम वाकई अधिकारी हैं, हम उससे ज़्यादा पा लेना चाहते हैं और ऐसा करते वक़्त हम उचित-अनुचित की परवाह नहीं करते हैं। कहा जा सकता है कि यह तो सहज मानवीय प्रवृत्ति है। लेकिन मैं इस बात से सहमत नहीं हूं। मुझे लगता है कि हम कहने में और सिद्धांतों में जितने ईमानदार, नैतिक और धर्म-भीरू होने का दावा और दिखावा करते हैं, उतने वास्तव में हैं नहीं। हमारा यथार्थ उससे उलट है। जिस पश्चिम की हम निंदा करते नहीं अघाते हैं, वह ऐसी बहुत सारी बातों में हमसे भिन्न और बेहतर है। लेकिन यहां सवाल पूर्व और पश्चिम की तुलना का या किसी को किसी से बेहतर बनाने का नहीं है। अगर हम इस विवाद में उलझेंगे तो मूल बात पीछे रह जाएगी। इसलिए उसी पर आता हूं।

अतिक्रमण और अवैध निर्माण व अनुचित कब्ज़े को रोका जाए, और जो हो चुका है, उसे हटाया जाए, इसमें किसी भी ज़िम्मेदार नागरिक को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। आखिर प्रशासन और कानून का काम है भी क्या? चोरी होती है, अपराध होते हैं तो उनको रोकने के लिए पुलिस होती है। और भी सारे ग़ैर कानूनी काम होते हैं तो सरकार के बहुत सारे अंग-उपांग उन्हें रोकने का काम करते हैं। यह भी सही है कि पूरा का पूरा समाज आदर्श नहीं होता है। लोग अनुचित लाभ उठाने या ग़ैर कानूनी काम करने के लालच में आ ही जाते हैं। अगर वे ऐसा न करें तो सरकार और प्रशासन की ज़रूरत ही ख़त्म हो जाए। इसलिए अगर सरकार ग़लत को सही करने का उपक्रम करती है तो उसका स्वागत होना चाहिए।

> **नागरिक तो नागरिक, सरकारी तंत्र भी इस काम में पीछे नहीं रहता है। एक उदाहरण तो यही देखा जा सकता है कि पुलिस वाले सड़क पर जहां उनको ठीक लगता है, अपनी गुमटी खड़ी कर देते हैं। सड़क के बीच उनका वाहन खड़ा रहता है! विधायकों और मंत्रीगण की तो बात ही क्या की जाए! किसकी मज़ाल है तो उनको टोके। वे तो मालिक हैं ही। जो ख़ुद कानून बनाते हैं भला उन पर कोई कानून कैसे लागू हो सकता है?**

मैं भी स्वागत करना चाहता हूं, लेकिन कर नहीं पा रहा हूं!

जब इन सारी ख़बरों को पढ़ता हूं, जिनमें से ज़्यादातर संबद्ध विभागों के जन सम्पर्क कर्मियों द्वारा ही समाचार माध्यमों को उपलब्ध कराई जाती है, और इन ख़बरों के साथ-साथ अतिक्रमण हटाने से परेशान होने वाले सामान्य जन की पीड़ाओं की करुण गाथाएं पढ़ता हूं तो मन में बहुत सारे सवाल उठने लगते हैं। हम पाते हैं कि बहुत सारे ऐसे अतिक्रमण हटाए जाते हैं जो बरसों से मौज़ूद थे। पूरी की पूरी बस्तियां बस जाती हैं। दुकानदार लोग लंबे अर्से से उस जगह पर अपना व्यवसाय करते रहते हैं, जिस पर उनका स्वामित्व था ही नहीं। थड़ियां लगती हैं, फुटपाथ पर बैठ कर धंधा करते लोग जवान से बूढ़े हो जाते हैं। मेरे मन में सवाल यह उठता है कि इतना बड़ा सरकारी अमला है, उसे यह अतिक्रमण वगैरह होता हुआ नज़र नहीं आता है? अवैध निर्माण होता है, पूरी की पूरी बिल्डिंग बन जाती है, जिसके बनने में ज़ाहिर है कुछ महीने तो लगे ही होंगे, तब क्या किसी को भी यह सब नज़र नहीं आया? अगर नहीं आया तो यह बात क्यों नहीं होनी चाहिए कि इस सब पर नज़र रखने का जिनका दायित्व था, वे अपना दायित्व निर्वाह करने में नाकामयाब रहे हैं। इनमें चपरासी, बाबू, अफसर से लगाकर मंत्री तक सब शामिल हैं। क्या इन पर कोई कार्यवाही नहीं होनी चाहिए? किस बात की तनख़्वाह लेते रहे हैं ये? एक बस्ती बस गई, बरसों लोग उसमें रहते रहे, और एक दिन अचानक प्रशासन अपनी कुंभकर्णी नींद से जागे और वहां रहने वालों को खदेड़ने पहुंच जाए! बुलडोज़र (यह हमारा नया हीरो है!) लेकर और तमाम डरावने जाब्ते के साथ पहुंच जाए। लोग रोते-गिड़गिड़ाते रहें, लेकिन अंधा कानून अपना काम करता रहे। अगले दिन के अखबारों में प्रशासन की पराक्रम गाथा छपे कि इतनी सारी सरकारी ज़मीन को अवैध कब्ज़े से मुक्त कराया गया! बेशक कब्ज़ा अवैध था और उसे हटाया जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा करने में इतना विलंब क्यों हुआ? सोचिये, अगर कब्ज़ा होते समय ही उसे रोक दिया गया होता तो लोगों की जमी जमाई गृहस्थी तो नेस्तनाबूद नहीं होती। यह आकस्मिक नहीं है कि जब चुनाव होने वाले होते हैं तो निर्माण गतिविधियां बहुत तेज़ हो जाती हैं। हर कोई जानता है कि जब चुनाव आने वाले होते हैं तो प्रशासन अवैध निर्माण की तरफ से आंखें बंद कर लेता है। और इतना ही नहीं, बाद में भी जब कोई अतिक्रमण हटाने का अभियान चलता है तो जन प्रतिनिधि गण अपने समर्थकों के अतिक्रमण को बचाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं, प्रायः बचा भी लेते हैं। इससे क्या संदेश जाता है?

हममें से हरेक को बाज़ार का और कॉलोनियों का अतिक्रमण नज़र आता है। जो हो चुका है वह भी नज़र आता है और जो होने की प्रक्रिया में है वह भी नज़र आता है। इन्हें राहों से वे सब भी गुज़रते हैं जिन पर इन अतिक्रमणों को रोकने की आधिकारिक ज़िम्मेदारी है। इन्हीं मुहल्लों-कॉलोनियों में वे भी रहते हैं। लेकिन साल के अधिकांश समय वे धृतराष्ट्र बने रहते हैं। उनके इस निकम्मेपन की सज़ा आम जन को भुगतनी पड़े, यह कहां का न्याय है? आखिर क्यों हमारा प्रशासन अचानक गहरी नींद से जागता है, हरकत में आता है और फिर हाइबर्नेशन में चला जाता है। यह इच्छा से सोने और जागने का खेल कब तक चलेगा? इसे बड़े और रसूखदारों का समर्थन कब तक मिलता रहेगा? कभी तो ऐसा हो कि जिस मंत्री के अधीन ये सारे महकमे आते हैं वह ज़िम्मेदारी ले कि हां मैं अपने दायित्व का निर्वहन करा सकने में असमर्थ रहा हूं! वह ज़िम्मेदारी ले, अपनी नाकामी पर लज्जित हो और अपने अधीनस्थों को पाबंद करे, और चेताए कि अगर उनके होते कुछ भी अवैध हुआ तो उन्हें बख़्शा नहीं जाएगा। और यह चेतावनी चेतावनी न रहे। अमल में भी आए!

और चलते-चलते इतना और कि जो बात मैं अतिक्रमण और अवैध निर्माण व कब्ज़े के लिए कह रहा हूं वही बात अन्य बहुत सारे मुद्दों पर भी लागू होती है। कहां वाहन पार्क हो सकते हैं, कहां नहीं – किसी को पता नहीं चलता। आप वाहन खड़ा करते हैं और अचानक आपका वाहन उठा लिया जाता है। सड़क पर ट्रैफिक लाइट्स इस तरह लगाई जाती हैं कि वे ऊंचे वाहनों की वजह से प्रायः दूर से नज़र ही नहीं आती। उन्हें ठीक करने की फिक्र किसी को नहीं होती। घंटों जाम लगा रहता है, उससे आपको कोई निज़ात नहीं दिलाता, लेकिन टार्गेट पूरा करने के लिए चालान करने वाला सरकारी अमला पूरा मुस्तैद नज़र आता है। ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता है कि हमारी सुविधाएं भी बढ़ें? क्या प्रशासन का काम केवल हमें दुख देने का ही रह गया है? सोचिये!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# वेंकैया गारू-भारत की सेवा में समर्पित जीवन

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे श्री एम.वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू जी आज 75 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्र सेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहने वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं। वेंकैया जी का 7 5 वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुये है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए। राजनीति में अपने प्रारम्भिक दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक , नायडू गारू ने भारतीय राजनीति की जटिलताओं को जितनी सरलता और विनम्रता से पार किया वो , अपने आपमें एक उदाहरण है। उनकी वाकपटुता, हाजिरजवाबी और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति उनकी सक्रियता के कारण उन्हें दलगत राजनीतित से ऊपर हर पार्टी में सम्मान मिला है। वेंकैया गारू और मैं दशकों से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। हमने लबे समय तक अलग-अलग दायित्वों को संभालते हुए साथ काम किया है, और मैंने हर भूमिका में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैंने देखा है, जीवन के हर पड़व पर आम लोगों के प्रति उनका स्नेह और प्रेम कभी नही बदला।

वेंकैया जी सक्रिय राजनीति से आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में जुड़े थे। उन्होंने राजनीति के पहले पड़व पर ही प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की अलग छाप छोड़ी थी।किसी भी राजनीतिक दल में उन्हें कम समय में बड़ा स्थान मिल सकता था। लेकिन उन्होंने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन मे थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं बीजेपी को मजबूत किया। लगभग 50 साल पहले जब कांग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था, तब युवा वेंकैया गारू ने आपातकाल विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें लोकनायक जेपी को आंध्र प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र के लिए उनकी ये प्रतिबद्धता, उनके राजनीतिक जीवन में हर जगह दिखाई देती है। 1980 के दशक के मध्य में, जब महान एनटीआर की सरकार को कांग्रेस ने गलत तरीके से बर्खास्त कर दिया था, तब वे फिर से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए हुए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे।

1978 में आंध्र प्रदेश जब कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था। तब वेंकैया जी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एक युवा विधायक के रूप में जीतकर आए थे , पांच साल बाद, राज्य चुनाव में एनटीआर की लोकप्रियता अपने सर्वोच्च स्तर पर थी। तब भी वे बीजेपी के विधायक चुने गए। उनकी जीत ने आंध्र समेत दक्षिण में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बोये थे। युवा विधायक के रूप में ही, वे विधायी मामलों में अपनी दृढता और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने के लिए सम्मानित होने लगे। उनकी वाकपटुता, शब्दशैली और संगठन सामर्थ्य से प्रभावित होकर एनटीआर जैसे दिग्गज ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। एनटीआर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन वेंकैया गारू हमेशा की तरह अपनी मूल विचारधारा पर अडिग रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में बडी भूमिका निभाई, गांवों में जाकर सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़े। उन्होंने विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व किया और आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी बने।

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने।

वर्ष 2000 में, जब अटल जी सरकार बना रहे थे तो वो वेंकैया गारू को अपनी सरकार में मंत्री बनाना चाहते थे। अटल जी ने उनसे उनकी इच्छा पूछी तो वेंकैया गारु ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को अपनी प्राथमिकता के रूप में चुना। उनकी इस पसंद ने तब कई लोगों को हैरान किया था। क्योंकि, उसके पहले नेताओं के लिए दूसरे मंत्रालय पहली पसंद हुआ करते थे। लेकिन, वेंकैया गारू की सोच बिल्कुल स्पष्ट थी- वह एक किसान पुत्र थे, उन्होंने अपने शुरुआती दिन गांवों में बिताए थे और इसलिए, अगर कोई एक ऐसा क्षेत्र था जिसमें वह काम करना चाहते थे, तो वह ग्रामीण विकास था। उस समय एक मंत्री के रूप में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को जमीन पर उतारने में उनकी अहम भूमिका थी।

2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने शहरी विकास, आवासन एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ही हमने स्वच्छ भारत मिशन और शहरी विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। शायद, वह उन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक ग्रामीण और शहरी विकास दोनों के लिए काम किया है।

2014 के उन शुरुआती दिनों में वेंकैया जी का अनुभव मेरे भी बहुत काम आया था। मैं उस समय दिल्ली के लिए एक बाहरी व्यक्ति था। मेरा करीब डेढ़ दशक गुजरात में ही काम करते हुये बीता था। ऐसे समय में वेंकैया गारू का सहयोग मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह एक प्रभावी संसदीय कार्य मंत्री थे। वो सदन में पक्ष-विपक्ष की बारीकियों को समझते थे। साथ ही, जब संसदीय मानदंडों और नियमों की बात आती थी, तब वो नियमों को लेकर भी उतना ही स्पष्ट नज़र आते थे।

वर्ष 2017 में, हमारे गठबंधन ने उन्हें हमारे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। ये हमारे लिए एक कठिन और दुविधा से भरा निर्णय था। हम ये जानते थे कि वेंकैया गारू के स्थान को भरना बेहद कठिन होगा। लेकिन साथ ही, हमें ये भी पता था कि उपराष्ट्रपति पद के लिए उनसे बेहतर कोई और उम्मीदवार नहीं है। मंत्री और सांसद पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने जो भाषण दिया था, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। जब उन्होंने पार्टी के साथ अपने जुड़ाव और इसे बनाने के प्रयासों को याद किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। इससे उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून की झलक मिलती है। उपराष्ट्रपति बनने पर उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए जिससे इस पद की गरिमा और भी बढ़ी। वह राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गए सांसदों को बोलने का अवसर मिले। उन्होंने सदन में उपस्थिति पर बहुत जोर दिया, समितियों को अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सदन में बहस के स्तर को भी ऊंचा उठाया।

जब अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने का निर्णय राज्यसभा के पटल पर रखा गया, तो वेंकैया गारू ही सभापति थे। मुझे यकीन है कि यह उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था। वह युवा जिसने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के संकल्प के लिए अपना जीवन समर्पित किया था, जब वह सपना पूरा हुआ तो वह सभापति के पद पर आसीन था। किसी निष्ठावान देशभक्त के जीवन में इससे बड़ा समय और क्या होगा!

काम और राजनीति के अलावा, वेंकैया गारू एक उत्साही पाठक और लेखक भी हैं। दिल्ली के लोगों के बीच, उन्हें उस व्यक्ति के रूप में जाना जाता है जो शहर में गौरवशाली तेलुगु संस्कृति लेकर आए। उनके द्वारा आयोजित उगादी और संक्रांति कार्यक्रम स्पष्ट रूप से शहर के सबसे पसंदीदा समारोहों में से एक हैं। मैं वेंकैया गारू को हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जानता हूं जो भोजन प्रेमी हैं और शानदार मेजबानी करना जानते हैं।

लेकिन, पिछले कुछ समय से उनका संयम भी सबके सामने दिखने लगा है। फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धाता इस बात से झलकती है कि वह अभी भी बैडमिंटन खेलना और ब्रिस्क वॉक करना पसंद करते हैं।

उपराष्ट्रपति पद का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी, वेंकैया गारू सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय हैं। वह लगातार देश के लिए जरूरी मुद्दों और विकास कार्यों को मुझसे बात करते रहते हैं। हाल ही मे जब हमारी सरकार तीसरी बार सत्ता में लौटी, तो मेरी उनसे मुलाकात हुई थी। वह बहुत खुश हुए और उन्होंने मुझे व हमारी टीम को अपनी शुभकामनाएं दी। मैं एक बार फिर उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा है कि युवा कार्यकर्ता, निर्वाचित प्रतिनिधि और सेवा करने का जुनून रखने वाले सभी लोग उनके जीवन से सीख लेंगे और उन मूल्यों को अपनाएंगे। यह वेंकैया गारू जैसे लोग ही हैं जो हमारे राष्ट्र को बेहतर और अधिक जीवंत बनाते है।

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

# आरोग्य के देवता के देवदूत डॉक्टर्स



**डॉ. जे.के.गर्ग**

डॉक्टर्स दुवारा मानव एवं पशुओं के सुस्वास्थ्य के लिए दी गई अमूल्य सेवा और योगदान के बारे में जनसाधारण को जागरूक करने के लिये प्रतिवर्ष भारत में 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (डॉक्टर्स डे) मनाया जाता है। भारत के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बिधान चन्द्र रॉय को श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिये 1 जुलाई को उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर इसे मनाया जाता है। डॉ.बी.सी.रॉय का जन्म 1 जुलाई 1882 को बिहार के पटना में हुआ था। डा.रॉय ने 1911 में एक चिकित्सक के रुप में अपने चिकित्सा जीवन प्रारम्भ किया था। वो एक प्रसिद्ध चिकित्सक तथा प्रख्यात शिक्षाविद् होने के साथ ही स्वतंत्रता सेनानी भी थे। महात्मा गांधी के सम्पर्क में आने के बाद वे भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के नेता बने और उसके बाद पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने। इस दुनिया में अपनी महान सेवा देने के बाद 80 वर्ष की आयु में 1962 में अपने जन्मदिन के दिन ही उनकी मृत्यु हो गयी। उनके सम्मान में वर्ष 1976 में उनके नाम पर डॉ.बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्रारम्भ किया गया।

माँ हमारे जीवन की सबसे पहली डॉक्टर है जो जीवन भर हमारी देखभाल करती है। ईश्वर सबके जीवन की रक्षा खुद से नही कर पाते इसलिए इस धरती पर अपने दूत के रूप में डॉक्टर को भेज दिया। बीमारी से लड़ने की ताकत एक डॉक्टर ही हमे देता है। वो इन्सान डॉक्टर ही होता है जो रोते हुए आये मरीज को हँसाते हुए भेजता है। जीवन जीना एक कला है जिन्हें जीने के लिए माँ-बाप के बाद एक डॉक्टर की ही सलाह की जरूरत पड़ती है। आधी से अधिक बीमारी तो डॉक्टर के सांत्वना से ही ठीक हो जाती है, निसंदेह डॉक्टर इस संसार के वास्तविक हीरो होते है जो देवदूत बन कर हमारे जीवन की रक्षा करते है।

एक डॉक्टर अपने मरीज के स्वास्थ्य को लेकर हमेशा चिंतित रहता है। वहीं उत्तम श्रेणी का डॉक्टर मरीज की बीमारी इलाज करने से पहिले उसके मन का इलाज करते है एवं उसे उसके उत्तम स्वास्थ्य के लिये लाभदायक सलाह मशविरा भी देते है क्योंकि वो जानते है कि स्वास्थ्य लाभ में दवा के साथ मरीज मे ठीक होने का आत्म विश्वास भी जरुरी होता है। हमें जीवन से प्यार करना भी डॉक्टर ही सीखाते है।उनको मरीज की जाति या धर्म और अमीरी गरीबी से मतलब नही होता उसके लिए सभी मरीज एक समान होते है। बड़ी से बड़ी बीमारी को डॉक्टर अपने सुझबुझ से मरीज के सामने उस बीमारी को छोटा बनाकर अपने इलाज से उस बीमारी को खत्म कर देते है। अच्छा डॉक्टर हमे दवा का आदी नही बनाता बल्कि दवा से कैसे दूर रहे उसकी सलाह ज्यादा देता है।

याद रखिये कि बीमारी के इलाज से पहिले मरीज के दिल में यह विश्वास जरूरी है कि मेरी बीमारी असाध्य नहीं है और में उपचार के साथ अपनी दिनचर्या और सोच में जरूरी बदलाव लाकर स्वस्थ हो जा हूँगा। निसंदेह जब हम अपने सारी उम्मीदें खो देते है तब हमारे जीवन में स्वास्थ्य लाने के लिए और वहाँ हमारा साथ देने के लिए केवल डॉक्टर के पास ही उस जीवन के इलाज के लिए जादुई शक्ति होती है।

आज से बीस-पच्चीस साल पूर्व सही मायने के अंदर देवदूत ही होते थे। एक बार मेरी माता जी को अच्चंक हृदयघात हो गया आधी रात को उनको अस्तपताल ले जाया गया, कुछ ही समय बाद नगर के एक मात्र हृदय विशेषक डा. सीता राम मित्तल अपनी पुरानी साईकल पर मेरी माता जी को देखने और उनका इलाज करने के लिए होस्पिटल आधी रात को आ गये और मरीज के पास चार-पांच घंटे खड़े रहें, जब तक मेरी मान खतरे से बाहर नहीं हो गयी। मेरे सभी स्वजन औरआस पास खड़े लोग उनको देवदूत पुकारने लगे। उस समय नगर के अन्य प्रसिद्ध डॉक्टर सर्जन भी जरूरत पड़ने पर रोगी के निवास पर जाने में कोई संकोच नहीं करते थे। काश आज भी ऐसा हो पाता। कुछ समय पूर्व मेरा भतीजा ललित गर्ग ब्यावर में बीमार चल रहा था और अपने बचपन के मित्र डॉक्टर से इलाज करवा रहा था उसको हमेशा उसका परामर्श शुल्क भी देता था। 25 जनवरी की रात को उसकी तबीयत अचानक बीगड़ गई, अनेको स्वजन लोग उस डॉक्टर की घर पर उससे अनुनय करने लगे और ललित को देखने उसके घर पर चलने के लिए प्राथना करने लगे, उसको मन चाही फीस भी देने लगे किन्तु निष्ठुर देवदूत ने मना कर दिया। कुछ ही समय बाद ललित अपनी बेटियों पत्नी स्वजनो को रोता-बीलखता छोड़ पंच तत्वों के अंदर विलीन हो गया। क्या हम ऐसे डॉक्टर को देव दूत पुकारेंगे? कभी नहीं।

भौतिक सुख-सुविधा की तडक-भडक के इस समय मे डॉक्टर्स भी धन लोलुपता से ग्रस्त हो गये हैं और उनके लिए उनके निजी हित और स्वार्थ मरीज के उपचार और इलाज से ज्यादा जरूरी बन गये हैं, ऐसे ही डॉक्टर्स के कारण उनका नोबेल पेशा बदनाम होकर अपनी गरिमा को नष्ट कर रहा है। इंडीयन मेडिकल एसोसिएशन से अनुरोध है कि वो डॉक्टर से सलाह दें कि गम्भीर अपाहिज शय्याग्रस्त रोगी को देखने उनके घर पर जरुर जाकर उनका इलाज करके उनका जीवन दान दें और देव दूत बने।

हमारे प्रांत राजस्थान में स्वास्थ्य के अधिकार का कानून बन चुका है। इस कानून के अधीन सरकार डॉक्टरों को आदेश दें कि गंभीर अपाहिज शय्या ग्रस्त रोगी को देखने उनके घर पर जरुर जाकर उनका इलाज करके उनको जीवन दान दें और देव दूत बने। सच्चाई यही है कि मनुष्य मृत्यु पर अपने साथ सिर्फ उसके कर्म ले जाता है और ये कर्म ही उसके अगले जन्म में उसको भोगने पड़ते हैं।

वहीं दूसरी तरफ मरीजों के कतिपय रिश्तेदार अकारण ही डॉक्टर्स से हाथापाई करके उनको शारीरिक/मानसिक यातना देते हैं और उनके साथ मारपीट करते हैं। इसलिए सरकार को कार्यरत डॉक्टरों की सुरक्षा के लिये समुचित कठोर कानून बनाने चाहिए। डॉक्टर्स डे के दिन डॉक्टरों को भी आत्म चिन्तन करते हुए अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को समझना होगा। डॉक्टर को चिकित्सा को मात्र पैसा कमाने का साधन नहीं मान कर उसकी जगह इसे मानवीय सेवा का नोबेल मिशन बनाना चाहिये।

**–डॉ. जे.के.गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा जयपुर**

# नए आपराधिक कानूनों के लागू होने पर लॉ गार्डन तैयार किया

**■ न्यू लॉ गार्डन के उद्घाटन के अवसर पर नये कानूनों की मुख्य विशेषताओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी**

**अजमेर, (कासं)।** एक जुलाई से देश भर में उपनिवेश काल से जारी मुख्य आपराधिक कानूनों के स्थान पर नए कानून लागू होंगे। इनमें भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता तथा एविडेंस एक्ट के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम क्रियान्वित होंगे। नए कानून लागू होने के उपलक्ष्य में देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। कारागार प्रशिक्षण संस्थान में जेल प्रहरियों द्वारा अनूठा प्रयोग किया गया है। उन्होंने महिलाओं द्वारा संचालित एनजीओ इनरव्हील क्लब की सहायता से एक बगीचा तैयार किया है, जिसमें कई फलदार, फूलदार व छायादार पौधे लगाए जाएंगे। इस बगीचे का नाम नए आपराधिक कानूनों के लागू होने पर लॉ गार्डन रखा है, जिसका सोमवार को उद्घाटन किया जाएगा।

इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष ईशिता कोठारी, सचिव पूर्णिमा तोषनीवाल ने क्लब की ओर से पौधे, खाद, उपजाऊ मिट्टी आदि जेटीआई को उपलब्ध करवाये हैं। जेल अधीक्षक पारस जांगिड, प्रशासनिक अधिकारी मोहन सिंह तथा पर्यावरण प्रेमी बाबू सिंह रावत के निर्देशन में प्रशिक्षु जेल प्रहरियों तथा सहायक प्रशिक्षकों सुभाष जांगू, सोमराज, देवेंद्र सिंह, सुभाष बिश्नोई, गजराज, अर्जुन, खेतपाल, बनवारीलाल, रसाल देवी आदि द्वारा बगीचा तैयार किया गया है। सोमवार को न्यू लॉ गार्डन के उद्घाटन के अवसर पर नये कानूनों की मुख्य विशेषताओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस अवसर पर जिला प्रशासन तथा न्यायिक अधिकारियों, नागरिकों, रिटायर्ड जेल अधिकारियों व कर्मचारियों का स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 1 जुलाई, 2024**

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, अश्विनी नक्षत्र प्रातः 6:26 तक, सुकर्मा योग दिन 1:41 तक, विष्टि करण दिन 10:27 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मेष, मंगल-मेष, बुध-कर्क, गुरू-वृष, शुक्र-मिथुन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

कुमार योग प्रातः सूर्योदय से प्रातः 6:26 तक है। भद्रा प्रातः 10:27 तक रहेगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:23 तक, शुभ 9:05 से 10:48 तक, चर 2:13 से 3:55 तक, लाभ-अमृत 3:55 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:40, सूर्यास्त 7:20

### मेष



व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### वृष



घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### मिथुन



आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

### कर्क



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह



नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। आज शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

### कन्या



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

### तुला



व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### वृश्चिक



विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### धनु



व्यावसायिक कार्यों के संबंध में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है।

### मकर



घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ



व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन



घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

# सेहत का रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध होने से मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। इसके लिए आवश्यक है कि राज्य का प्रत्येक नागरिक सेहतमंद हो, तभी 'स्वस्थ राजस्थान' का संकल्प साकार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों की सेहत का रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध होने से उन्हें त्वरित और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी और अनावश्यक स्वास्थ्य जांचों एवं दवाओं पर होने वाले खर्च से भी बचा जा सकेगा। शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा विभाग के तीन अभियानों का शुभारम्भ किया। उन्होंने पोलियो दिवस के अवसर पर 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर प्रदेश में 'राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान' की शुरूआत की। उन्होंने 'स्टॉप डायरिया अभियान-2024' एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 'आभा आईडी बनाओ' अभियान का भी शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने तीनों अभियानों के पोस्टर्स का विमोचन कर लाभार्थियों को आभा आईडी कार्ड प्रदान किए तथा बच्चों को ओआरएस के पैकेट एवं जिंक की गोलियां बांटी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश के 50 जिलों में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष तक की आयु के लगभग 1.07 करोड़ बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए 61 हजार 500 से अधिक बूथ बनाए गए हैं, जिन पर 77 हजार 500 से अधिक टीमें पल्स पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान के दौरान रविवार के अलावा अगले 2 दिन घर-घर जाकर भी दवा पिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में निचले स्तर तक ऐसा सिस्टम विकसित किया जाए, जिससे हर बच्चे के जन्म के साथ ही उसका एक यूनिक हैल्थ आईडी नम्बर जनरेट हो जाए और भविष्य में उसके स्वास्थ्य से संबंधित हर जानकारी उस आईडी के तहत दर्ज की जाए। शर्मा ने कहा कि मरीज के स्वास्थ्य का पुराना रिकॉर्ड उपलब्ध होने से चिकित्सकों को उनका इलाज करने में बहुत सहूलियत होगी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राज्य में दस्त संबंधी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर 5 साल तक की आयु के बच्चों को दस्त से बचाव हेतु ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोलियां उपलब्ध करवाएंगी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त समस्त चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ओआरएस जिंक कॉर्नर संचालित किए जाएंगे जहां आमजन को दस्त से बचाव और उपचार की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हैल्थ अकाउंट यानी आभा आईडी बनाई जा रही है। इस 14 अंकों की आईडी की सहायता से आमजन स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से अपने पुराने स्वास्थ्य रिकॉर्ड साझा कर सकेंगे। इससे उनके बेहतर उपचार में मदद मिलेगी।




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा विभाग के तीन अभियानों का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी मौजूद थे।

■ 'प्रदेशवासियों के सेहतमंद होने से ही साकार होगा स्वस्थ राजस्थान का संकल्प'

चिकित्सा विभाग की ओर से यह अभियान 2 माह तक चलाया जाएगा।

कार्यक्रम में एनएचएम के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, अतिरिक्त मिशन निदेशक अरूण गर्ग, निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी एवं निदेशक आरसीएच सुनीत सिंह राणावत सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सांगानेर में उजाड़े परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करे सरकार : खाचरियावास

**जयपुर।** पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि सांगानेर में 800 से ज्यादा परिवारों को उजाड़ने का काम राज्य की भाजपा सरकार ने किया है। जबकि राज्य में पहले से ही कांग्रेस सरकार के समय से ही पुनर्वास पॉलिसी लागू की गई है। किसी भी व्यक्ति को उजाड़ने से पहले उसका पुनर्वास किया जाता है। कांग्रेस सरकार के दो कार्यकाल में मेट्रो योजना को लेकर सैकड़ो लोगों के घर और दुकान मेट्रो प्रोजेक्ट के बीच में आ रही थी इन सब लोगों को इनकी कीमत से ज्यादा करोड़ों रुपए का पुनर्वास मुआवजा देकर इन्हें विश्वास में लेकर उनके खुद के द्वारा कब्जे हटाए गए। जयपुर में सांगानेर में इतनी बड़ी तोड़फोड़ की कार्रवाई हुई किसी भी व्यक्ति का पुनर्वास मुआवजा नहीं दिया गया।

## कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाएं आज भी प्रासंगिक : जूली

**जयपुर।** विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन में की जाने वाली वृद्धि की घोषणा को जनता के साथ छलावा बताया है।

जूली ने कहा कि यह प्रावधान तो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा पूर्व में ही किया जा चुका है। कांग्रेस हमेशा से गरीब, पिछड़े और जरूरतमंद के हक-हकूक की रक्षा और उनके सम्मान के लिए संवेदनशील रही है। उन्होंने कहा की पूर्व में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत दी जा रही 500 रूपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की सहूलियतों को कांग्रेस सरकार ने ही बढ़ाया है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके।

जूली ने कहा कि हमारी संवेदनशील सरकार ने ही वर्ष 2019 में 6 वर्षों के बाद पेंशन राशि में वृद्धि की थी।

उन्होंने कहा कि लंबे समय तक पेंशन राशि नहीं बढ़ने के कारण पेंशनर्स को होने वाली समस्या के निराकरण की दृष्टि से पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा पेंशन राशि में हर वर्ष 15 फीसदी वृद्धि किए जाने का प्रावधान किया गया, जिसका श्रेय मुख्यमंत्री जी झुंझुनूं में ले रहे है।

जूली ने कहा कि हम कर्म में विश्वास करते हैं झूठा भाषण या छलावा नहीं करते। जूली ने मुख्यमंत्री को इंगित करते हुए कहा कि जिन योजनाओ का श्रेय आप और आपकी पार्टी लेने का प्रयास कर रहे हैं, वो सब तो राजस्थान की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की देन है। आपने इसमें नया क्या किया है?

## सुरीले गीत गूंजे

**जयपुर।** शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान की ओर से 30 जून, रविवार को संस्थान परिसर में बॉलीवुड के लीजेंडरी म्यूजिक डायरेक्टर मदन मोहन की याद में वो भूली दास्तां शीर्षक से सांस्कृतिक संध्या संजोई गई।

## भाजपा ने उपचुनाव वाली सीटों की बारीकी से ली जानकारी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की अध्यक्षता एवं प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर की उपस्थिति में आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में राजस्थान के 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की आगामी रणनीति को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में खींवसर, दौसा, देवली उनियारा, झुंझुनूं और चौरासी विधानसभा के प्रभारी, पूर्व प्रत्याशी, जिले के मंत्री, विधायक और पार्टी के जिला पदाधिकारी उपस्थित रहें।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा हर चुनाव को महत्वपूर्ण मानती है फिर चाहे वो लोकसभा हो, विधानसभा हो या फिर उपचुनाव हो। प्रदेश की पांचों विधानसभाओं पर उप चुनाव में भाजपा जीत दर्ज करवाएगी और कमल का फूल खिलेगा। ऐसे में पांचों सीटों पर चुनावी रणनीति के तहत दिनभर अलग अलग विधानसभा सीटों पर चर्चा की गई। प्रत्येक विधानसभा के प्रभारी पदाधिकारियों के साथ जीत के लिए रणनीति बनाई गई है। भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि भाजपा प्रदेश के उपचुनावों की तैयारी में जुट गई है और पार्टी की ओर से बहुत ही बारीकी से इसके लिए काम किया है। ऐसे में मुझे पूर्ण विश्वास है कि भाजपा उपचुनावों में सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। देश के लोगों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश में 7 माह के अल्पकार्य में जनहित के कई ऐतिहासिक कार्य किए है।

■ भाजपा हर चुनाव को मानती है महत्वपूर्ण, उपचुनावों की रणनीति पर हुई चर्चा, सभी सीटों पर खिलेगा कमल का फूल : सीपी जोशी


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 203/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री अश्विनी चतुर्वेदी पुत्र श्री कृष्ण चतुर्वेदी निवासी 3091, जाट के कुए का रास्ता, छठा चौराहा चाँदपोल बाजार जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत आर्ष वैदिक शोध संस्थान प्रयास पता-3091, जाट के कुए का रास्ता, छठा चौराहा चाँदपोल बाजार जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 12.06.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 16.8.24

मोहर अदालत

आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

**सम्मन बनाम कायम मुकाम**

(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत अपर जिला न्यायाधीश क्रम संख्या 1, मुकाम शाहपुरा जयपुर
सन्तोष बाई बाबत कैलाश चन्द वगै.
दावा बाबत अपील
मुकद्दमा नम्बर 31/06 सन्

बनाम-

मुसम्मी (1) शुभ गुप्ता पुत्र कैलाश चन्द (2) शकुन्तला पत्नी कैलाश चन्द जाति महाजन निवासी पावटा हाल C/o डॉ. शुभ डेन्टल क्लिनिक शशीकान्ता धाम CSC-6 DDA मार्केट RD राजपुर पोकेट 24/1 सेक्टर 9 रोहिनी दिल्ली 110085

चूंकि अपीलार्थी ने इस अदालत में तारीख... माह...सन् 199.. को 1. सन्तोष बाई बनाम 2. कैलाश चन्द दायर को जो कि बाद में फोत हो गया। और चूंकि अपीलार्थी मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी कैलाश चन्द मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3. कायम मुकाम बनाये जावें।

लिहाजा अजरिये जाहा बगर्ज जवाब देही 1.... 10 माह 7 सन् 2024 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्दमा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जावेगा। बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 31 माह 05 सन् 2024 को जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से रीडर ग्रेड-प्रथम
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
क्रम-1, शाहपुरा (जयपुर जिला) राज.


**आवश्यकता**

आवश्यकता है पार्ट टाइम कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की जो हिन्दी में पेजमेकर, क्वार्क और वर्ड में काम कर सकें।
कार्य समयः सांय 8.00 से 12.00
सम्पर्क करें: अमित
मोबाईल नं.: 7905717804
राष्ट्रदूत
चमेली वाला मार्केट, जयपुर


माननीय नेशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल
**राजस्थान बैंच-जयपुर (राजस्थान)**

कम्पनी पेटीशन (सीएए) नं.05/230-232/जेपीआर/2024 में संबंधित
कम्पनी आवेदन (सीएए) नं.02/230-232/जेपीआर/2024
सैक्शन 230-232 तथा कम्पनीज एक्ट, 2013 के अन्य लागू प्रावधानों के मामलों में, कम्पनीज (काम्प्रोमाइजिस अरेन्जमेन्टस एण्ड अमलगमेशन्स) नियम, 2016 के साथ पठित
लोढा आफसैट लिमिटेड
(डीमर्जिंग कम्पनी/आवेदनकर्त्ता नं.1 कम्पनी)
तथा
लोढा प्रिन्ट-ओ-पैक प्राइवेट लिमिटेड
(रिजल्टिंग कम्पनी/आवेदनकर्त्ता नं.2 कम्पनी)
की
स्कीम ऑफ डीमर्जर के मामले में

**कम्पनी पेटीशन की सुनवाई का नोटिस**

कि कम्पनीज एक्ट 2013 के सैक्शन 230-232 के प्रावधानों के तहत दायर की गयी है लोढा आफसैट लिमिटेड तथा लोढा प्रिन्ट-ओ-पैक प्राइवेट लिमिटेड तथा उनके अपने शेयर धारकों के बीच डीमर्जर (स्कीम) के द्वारा स्कीम आफ काम्प्रोमाइज एवं अरेन्जमेन्टस की स्वीकृति के लिये माननीय नेशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल, राजस्थान बेंच-जयपुर (राजस्थान) के समक्ष प्रस्तुत की गयी है। कि माननीय ट्रिब्यूनल के द्वारा दिनांक 07.06.2024 को पारित आदेश से उपरोक्त मामला 30.07.2024 (मंगलवार) को सुनवाई के लिये तथा अन्तिम निर्णय के लिये सुचिबद्ध किया गया, सभी संदर्भित स्टेक होल्डर्स को सूचित किया जाता है।

कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त वर्णित कम्पनी पेटीशन ('पेटीशन') का समर्थन तथा/अथवा विरोध करना चाहता है, को आवेदक कम्पनियों के अधिवक्ता को उनके नीचे लिखित पते पर, अपने/अपनी मंशा नोटिस अपने/अपनी अथवा अपने/अपनी अधिवर्त्ताओं के हस्ताक्षर, के साथ अपने नाम एवं पते के साथ तथा साथ ही माननीय कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल, राजस्थान बेंच, जयपुर (राजस्थान) को सी-5/6, कारपोरेट भवन, रजेडेन्सी एरिया, सिविल लाइन्स, जयपुर-302006 (राजस्थान) के, सुनवायी की नियत तिथी से दो दिन पूर्व से अधिक देरी से, भेजना चाहिये। जिसमें पेटीशन का कहां विरोध करना चाहता है, विरोध का आधार अथवा उसके शपथ पत्र की प्रति ऐसे नोटिस के साथ प्रस्तुत की ज़ानी चाहिये, पेटीशन की प्रति आवेदनकर्ता कम्पनियों के अधिवक्ता के द्वारा, किसी भी व्यक्ति को, जिसे उसकी आवश्यकता है, उपलब्ध करायी जायेगी।

नरेश कुमार सेजवानी
एडवोकेट (आर/274/2017)
टी-7, फैलीसिटी टावर, सहकार मार्ग,
जयपुर-302006 (राजस्थान)
[nksejvani@gmail] [8764399098]

**खोया पाया**

मेरे प्लॉट नं. ई-371, कल्पना नगर, आगरा रोड, जयपुर का ओरिजनल पजेशन लेटर कहीं खो गये है। मिलने पर सूचित करें। दीनदयाल पारीक 8302292460

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम हरक चन्द से बदलकर हरक चन्द जैन कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। पता-11, राधा मुकुट विहार, न्यू सांगानेर रोड, मानसरोवर, जयपुर

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

क्रमांकः DEV/JAIPUR/2024/18
दिनांक05-06-2024

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत "वाटिका सिटी मन्दिर ट्रस्ट", वेस्ट लिंक बुलेवर्ड, वाटिका इन्फोटेक सिटी, अजमेर रोड़, जयपुर के गठन / जाँच हेतु आवेदन प्रस्तुत हुआ है।

अतएव धारा 18 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उपर्युक्त प्रन्यास की जाँच की जा रही है तथा इसमें हित रखने वालें समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जा रहा है कि इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ (60) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियाँ, यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। यह भी सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियाँ नही की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जाँच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 05-06-2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर




# शेखावाटी में मूसलाधार बारिश, सड़कें लबालब

## चूरू में 51.4 एमएम बारिश होने से किसान खुश नजर आये



चूरू में बारिश के बाद निकासी के अभाव में पानी सड़कों पर ही एकत्रित हो गया।

**चूरू, (कासं)।** शेखावाटी में रविवार को मूसलाधार बारिश हुई जिससे किसानों के चेहरे चमकने लगे हैं। किसानों ने खेतों की बुवाई का काम शुरू कर रखा है। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में 51.4 एमएम बारिश हुई है। आज अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। पिछले दिवस की तुलना में अधिकतम तापमान में 0.3 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। साथ ही न्यूनतम तापमान में भी 1.2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है।

जानकारी के अनुसार सवेरे से ही सूर्य देवता ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। दिनभर उमस रही, शाम ढलने से पहले यहां मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद हमेशा की तरह चूरू शहर की मुख्य सड़कें पानी से लबालब हो गई। यहां आकाशवाणी रोड के पास सीएम बहड़ मार्ग पानी की निकासी के अभाव में तालाब बन गया। यहां सड़क पर पड़े गड्ढों में कई जने गिरकर घायल हो गए। प्रशासन का इस ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं है।

सभापति, आयुक्त, विधायक एवं अन्य उच्च अधिकारियों को तो सिर्फ गाजसर गिनाणी ही दिखाई देती है। जो भी आता है, भागकर गाजसर गिनाणी का निरीक्षण करके फोटो खींचवाकर खुश हो जाता है। शहर की दयनीय स्थिति के बारे में कोई कुछ नहीं बोल रहा है। नगरपरिषद वाले पानी निकासी के नाम पर डीजल खुद ही पी जाते हैं। कोई कहने-सुनने वाला भी नहीं है। एकदम से मौज ही मौज है।

# झमाझम बारिश से गंगापुर सिटी शहर तरबतर हुआ

## मानसून की पहली बरसात में दुकानों व घरों में पानी भर गया



गंगापुर सिटी में बरसात होने से सडकों पर पानी भर गया।

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में मानसून की पूरी तरह से एंट्री हो चुकी है। रविवार दोपहर को एकाएक मौसम बदल गया और आधे घंटे जोरदार बारिश हुई। बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया। नया बजार दरिया गया। वहीं बच्चो ने पानी में तैर कर स्वीनिंग पूल का आनन्द लिया। वहीं मानसून की पहली बरसात में दुकानों व घरों में पानी भर गया।

बारिश के बाद ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आने से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे और किसान खरीफ फसलों की बुआई में जुट गए हैं। रविवार को आसमान में कई बार बादल छाए, लेकिन बारिश नहीं हुई। दोपहर करीब साढे तीन बजे मौसम बदल गया और आसमान में काली घटाएं छा गई। इसके बाद देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई। पहले धीमी गति से बूंदाबांदी होती रही, लेकिन इसके बाद में तेज बारिश होनी शुरू हो गई। इसके बाद कभी धीमी, कभी तेज गति से बारिश का दौर रुक-रुक कर चलता रहा। बारिश के बाद सड़कों पर पानी बह निकला। बारिश के दौरान बिजलियां कड़कने लगी। साथ ही आसमान में बादल गरजने लगे। बारिश के बाद ठंडी हवाएं चलने लगी और इसके बाद तापमान में गिरावट आ गई, जिससे लोगों को दिनभर पड़ रही तेज गर्मी और उमस से काफी राहत मिली।

# प्री-डीएलएड परीक्षा में डमी परीक्षार्थी को पकड़ा

## डमी परीक्षार्थी का अंगुठा निशान व फोटो का मिलान नहीं होने से पुलिस को सूचना दी

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के उम्मेदाबाद ग्राम के राउमा विद्यालय में रविवार को प्री बीएसटीसी परीक्षा में एक डमी परीक्षार्थी को पकड़ा गया है।

जालोर जिले के प्री-बीएसटीसी परीक्षा-2024 में परीक्षा केंद्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उम्मेदाबाद में परीक्षार्थी रोल नंबर 16402916 भगवती पुत्री मोहनलाल बिश्नोई निवासी दांतीवास पुलिस थाना भीनमाल जिला जालोर के स्थान पर डमी परीक्षार्थी निरमा कुमारी पुत्री आसुराम विश्नोई निवासी भालनी पुलिस थाना बागोड़ा जिला सांचौर का बायोमेट्रिक पहचान के लिए परीक्षण किया गया तो डमी परीक्षार्थी का अंगुठा निशान व फोटो का मिलान नहीं होने से केंद्र अधीक्षक प्रभारी मंसाराम राणा केंद्र अधीक्षक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उम्मेदाबाद द्वारा पुलिस को सूचना दी गई।



जालोर शहर के निकट उम्मेदाबाद राउमा विद्यालय में पुलिस ने डमी महिला परीक्षार्थी को पकड़ा।

केंद्र अधीक्षक की रिपोर्ट पर डमी परीक्षार्थी निरमा कुमारी द्वारा मूल परीक्षार्थी भगवती कुमारी के स्थान पर परीक्षा देने पर उक्त परीक्षार्थी निरमा कुमारी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम 1992) में मुकदमा दर्ज कर अग्रीम अनुसंधान जारी है।

# करौली में हुई झमाझम बारिश से निचली बस्तियों में पानी भरा

**करौली, (निसं)।** करौली में रविवार दोपहर को हुई बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया। बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। प्रात:काल से पड़ रही गर्मी और उमस से परेशानी के बीच रविवार दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और आसमान में काले घने बादल छा गए, जिसके बाद करीब आधा घंटे तक झमाझम बारिश हुई जिससे सड़कों पर पानी बह निकला।

उमस व गर्मी से बचाव के लिए लोगों ने बारिश के पानी में नहाकर आनंद लिया। करीब आधे घंटे तक हुई बारिश से लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली। वहीं नदी, बांध, तलाबों में भी पानी की आवक हुई। झमाझम बारिश से क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिल उठे। वहीं जिला मुख्यालय पर आपदा प्रबंधन की पोल खुलकर सामने आ गई। शहर के बीच से होकर गुजर रहे नेशनल हाईवे की सड़क पर जगह-जगह पानी भराव हो गया। वहीं मेग्जीन तिराहा स्थित सड़क पर पानी निकासी नहीं होने के कारण पानी भर गया जिसके चलते दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई और जाम में फंसे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा शहर की कई निचली बस्तियों में पानी भर गया। वहीं शहर की विवेक विहार कॉलोनी में बरसाती पानी की निकासी नहीं होने के कारण रविवार को तेज बारिश से करीब 60 से 70 मकानों के रास्ते पानी से लबालब होने से लोगों का आवागमन कठिनाई भरा हो गया। वहीं सायनाथ खिडकिया बाहर नाला अवरूद्ध होने से पानी निकासी नहीं हो पाई और सड़कों व घरों की चौखटों तक पानी भर गया जिसके चलते लोग पूर्व में हुई बाढ़ जैसी घटना को याद कर भयभीत से नजर आये।



करौली में बारिश से हाईवे सड़क पर भरे पानी में वाहनों के फंसने से जाम लग गया।

# मकराना में मूसलाधार बारिश हुई

**मकराना, (निसं)।** शहर में रात्रि को मूसलाधार बारिश हुई, जिससे शहर के सड़कें पानी से तरबतर हो गई। मानसून की पहली अच्छी बारिश के बाद यहां सभी सड़कों पर जैसे नदियां बह निकली।

शहर के हॉस्पिटल, नगर परिषद, सरकारी स्कूल,पंचायत समिति और न्यायालय के सामने कि सड़कों सहित गुलजारपुरा, इकबालपुरा, भाकरों की ढाणी, नदी मौहल्ला, अली चेंबर, कन्या पाठशाला गली की तरफ सड़क से दो फीट ऊपर तक पानी बह रहा था जबकि अस्पताल रोड पर तीन फीट ऊपर तक पानी भरा हुआ था। अस्पताल रोड पर कुछ घरों और दुकानों में पानी चला गया। बारिश के बाद ठंडी हवाएं चलने लगी और इसके बाद तापमान में गिरावट आ गई, जिससे लोगों को दिनभर पड़ रही तेज गर्मी और उमस से काफी राहत मिली।

# मंदिर के पास बोरे में नाबालिग का शव मिला

## टी-20 वर्ल्ड कप में इंडिया की जीत का जश्न मनाने निकला था नाबालिग

**जोधपुर, (कासं)।** वर्ल्ड कप में इंडिया की जीत पर घर से पटाखे चलाने निकले नाबालिग का शव रविवार सुबह बोरे में मिला। हाईवे के किनारे झाड़ियों में मंदिर के पास ग्रामीणों ने लावारिस पड़े बोरे को खोलकर देखा तो अंदर शव था। परिजनों का दावा है कि नाबालिग की हत्या की गई है और शव पर करंट लगने के निशान भी हैं। ऐसे में ग्रामीणों और परिजनों ने दोपहर हाईवे जाम कर दिया गया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। मामला जोधपुर के राजीव गांधी नगर थाना इलाके के केरू गांव का है। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए मौके पर जोधपुर वेस्ट के एडीसीपी निशांत भारद्वाज और राजीव गांधी नगर थाना प्रभारी देवकीचंद ढाका मौके पर पहुंचे। यहां एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। हत्या की आशंका जताते हुए ग्रामीणों ने हाईवे पर प्रदर्शन कर रास्ता रोक दिया।

- परिजनों के अनुसार नाबालिग के शव पर करंट लगने के निशान हैं, ऐसे में उसकी हत्या की गई है
- परिजन और ग्रामीणों ने शव के साथ हाईवे किनारे बैठकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की

थानाधिकारी देवकीचंद ढाका ने बताया कि रविवार सुबह ग्रामीणों को जोधपुर से जैसलमेर की ओर जा रहे हाईवे पर बाबा रामदेव मंदिर के पास झाड़ियों में संदिग्ध बोरा नजर आया। इसे खोलकर देखा तो अंदर शव था। इसकी पहचान केरू गांव निवासी चेतनपुरी पुत्र वीरमपुरी (15) के रूप में हुई है। पिता वीरमपुरी की रिपोर्ट के अनुसार, चेतन रात को भारत और साउथ अफ्रीका का मैच देख रहा था। इसके बाद भारत के मैच जीत जाने पर पूरा परिवार नीचे सोने चला गया। वह घर से भारत की जीत का जश्न मनाने की कहकर निकला था। उसने कहा था कि कुछ देर में दोस्तों के साथ पटाखे चला कर लौट आएगा। इसके बाद सुबह 10 बजे घर से 1 किमी दूर 12 मील के पास हाईवे पर मंदिर की झाड़ियों में शव मिला। परिजनों के अनुसार चेतन के शव पर करंट लगने के निशान हैं। ऐसे में उसकी हत्या की गई है। इसके बाद परिजन और ग्रामीण शव के साथ हाईवे किनारे बैठ गए और आरोपियों की मांग करने लगे। सुबह से ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं। पुलिस अधिकारी ग्रामीणों से बात कर मामला शांत कराने की कोशिश कर रहे हैं।

नाबालिग की मौत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश देखते हुए चार थानों का पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। मौके पर करीब 100 पुलिसकर्मी तैनात हैं। साथ ही एसीपी अनिल कुमार, राजीव गांधी नगर थाना देवीचंद ढाका, देव नगर थाना सीआई भूटाराम, प्रताप नगर सदर थाना सीआई सतीश कुमार और सूरसागर थाना पुलिस का जाब्ता मौके पर मौजूद हैं।

# बजरी खनन को लेकर दो गुट आपस में भिड़े

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर जिले में बजरी माफिया इन दिनों पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। ताजा मामला बिलाड़ा थाना क्षेत्र के भावी गांव की सरहद का है, जहां बजरी खनन को लेकर आपसी रंजिश के तहत दो गुट आपस में भिड़ गए। इस दौरान कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई। वहीं एक युवक चोटिल हो गया जिसे इलाज के लिए जोधपुर रेफर किया गया।

सूचना मिलने के बाद बिलाड़ा थाना पुलिस और बिलाड़ा डीवाईएसपी गोमाराम जाट मौके पर पहुंचे और मामले को लेकर जानकारी ली। फिलहाल अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। डीवाईएसपी गोमाराम जाट ने बताया कि आज सुबह सात बजे के करीब अवैध बजरी खनन को लेकर रंजिश के तहत दो गुट आपस में भिड़ गए। इस दौरान बोलेरो कैंपर को टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। हादसे में एक युवक घायल हो गया जिसे इलाज के लिए जोधपुर रेफर किया गया। वहीं मामले में आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम भेजी गई है।

जानकारी के अनुसार बिलाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध बजरी खनन को लेकर कई बार ग्रामीणों की शिकायत भी सामने आ चुकी है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने की वजह से अवैध तरीके से बजरी खनन कर परिवहन करने वाले माफिया हावी हो चुके हैं। इसी के चलते कई गुट भी बन चुके हैं। इन्हीं गुटबाजी के चलते आज सड़क पर दहशत देखने को मिली। इधर घटनाक्रम को लेकर ग्रामीण दहशत में हैं।

# सड़क दुर्घटना में डिस्कॉम एईएन व पत्नी की मौत

**बीकानेर, (निसं)।** नागौर के बाराणी गांव के पास हुए सड़क हादसे में घायल जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता अशोक शर्मा और उनकी पत्नी की इलाज के दौरान बीकानेर में मौत हो गई। दोनों का शव जोधपुर पहुंचाया जा रहा है। शर्मा की बेटियों का इलाज भी बीकानेर में ही चल रहा है।

नागौर से अपने परिवार के साथ शर्मा शनिवार को बीकानेर आ रहे थे। बाराणी गांव के पास सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई, जिसमें चार जने घायल हो गए। सहायक अभियंता अशोक और उनकी पत्नी सुमन आगे बैठे थे। उन्हें गंभीर चोट आने पर बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रैफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बाद में नागौर में भर्ती बेटी मिनल (23) और मानसी (18) को भी बाद में बीकानेर रैफर कर दिया गया। बेटियों का इलाज अभी भी बीकानेर में चल रहा है, जबकि पति-पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई। अशोक की पुत्री मीनल (23) व मानसी (18) घायल है और इलाज चल रहा है। उधर, जांगलू गांव निवासी सामने वाली कार चालक मनोहरसिंह भी हादसे में गंभीर घायल हो गया। उसका भी इलाज चल रहा है। वह रिश्तेदार की शादी के कार्ड बांटने जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गाड़ियां भिड़ने से धमाका हुआ तो दुर्घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को गाड़ियों से बाहर निकाला। इसके बाद राहगीरों की मदद से लोगों ने एंबुलेंस से घायलों को नागौर के जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया।

# नेत्रहीन दिव्यांग अध्यापक को मिला शिक्षा मंत्री का साथ

**जालोर, (कासं)।** जालोर निवासी मंसाराम देवासी के लिए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का जालोर दौरा वरदान साबित हुआ। मंत्री दिलावर ने दिव्यांग अध्यापक की मांग पर उसे तत्काल मनचाही जगह लगाने के आदेश जारी कर दिए।

जानकारी के अनुसार शिक्षा मंत्री दिलावर एक दिवसीय दौरे पर रविवार को जालोर पहुंचे थे। यहां सर्किट हाउस में लोगों की समस्या सुनने के दौरान मंसाराम देवासी पुत्र बेसराराम देवासी, निवासी सेवडी, तहसील बागोड़ा, जिला सांचौर, जो वर्तमान में राजकीय प्राथमिक विद्यालय शरणार्थियों की डांडी, धनसा, पंचायत समिति, भीनमाल में तृतीय श्रेणी के अध्यापक पद पर कार्यरत है, जो कि मंत्री से मिला।



जालोर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने नेत्रहीन दिव्यांग मंसाराम को इच्छित जगह पर स्थानांतरण आदेश प्रदान किया।

मंसारम जो कि आंखों से 100 प्रतिशत नेत्रहीन दिव्यांग है। इनका विद्यालय इनके गांव से 60 किलोमीटर दूर है, जिससे वहां आने जाने में इन्हें परेशानी होती है। इस पर मंत्री मदन दिलावर ने तत्काल मौके पर ही अध्यापक मंसाराम का स्थानांतरण तुरंत इच्छित ग्राम सेवडी के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मामानाडी सेवडी पंचायत समिति में करने के आदेश निदेशक प्राथमिक शिक्षा सीताराम जाट को दिए। मंत्री ने मजाक में इतिहास के अध्यापक मंसाराम से अकबर के नाना का नाम पूछा। इसके बाद आदेश की प्रति उन्हें सौंपी। आदेश पाकर नेत्रहीन दिव्यांग खुश नजर आया।

- मंत्री दिलावर ने दिव्यांग अध्यापक की मांग पर मनचाही जगह लगाने के आदेश जारी किये

# बाल नशा मुक्ति की रोकथाम के लिए झुंझुनूं जिले को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला

## नशीली दवाओं के सेवन को रोकने के लिए जिला कलेक्टर ने प्रभावी कदम उठाए और उसका परिणाम रहा कि झुंझुनूं जिला पूरे देश में अव्वल रहा

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले को बाल नशा मुक्ति की प्रभावी रोकथाम के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रविवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंबालाल मीणा एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां ने यह सम्मान प्राप्त किया।

- बाल अधिकार संरक्षण आयोग देश में ''एक युद्ध नशे के विरुद्ध'' अभियान चलाकर नाबालिग बच्चों को नशीली दवाओं के सेवन से बचा रहा है



नई दिल्ली में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंबालाल मीणा एवं सामाजिक न्याय एवं अधि. विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग देश में ''एक युद्ध नशे के विरुद्ध'' अभियान चलाकर नाबालिग बच्चों को नशीली दवाओं के सेवन से बचा रहा है। नशीली दवाओं के सेवन को रोकने के लिए जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने प्रभावी कदम उठाए और उसका परिणाम रहा कि नशीली दवाओं की रोकथाम और जागरूकता के मामले में जिला पूरे देश में अव्वल रहा।

डॉ. पूनियां ने बताया कि जॉइंट एक्शन प्लान ऑन प्रीवेंशन ऑफ़ ड्रग्स एंड सब्सटेंस एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफकिंग के क्षेत्र में जिले द्वारा ज्वाइंट एक्शन प्लान तैयार करने, कलेक्टर द्वारा ज्वाइंट एक्शन प्लान की नियमित मॉनिटरिंग, सभी विभागों का लक्ष्य निर्धारित करना तथा उनकी अनुपालना करवाने, कोटपा एक्ट और जेजे एक्ट की अनुपालना, शैक्षिणक संस्थाओं में नशा मुक्ति के लिए जन जागरूकता पैदा करने, शेड्यूल एच और एक्स की दवाओं का विक्रय करने वाली दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, शैक्षिणक संस्थाओं में चाइल्ड राइट क्लब एवं प्रहरी क्लब का गठन करवाने, जिले की सभी संस्थाओं से 9 इंडिकेटर की पालन करवाने तथा बच्चों में नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए समय-समय पर जन जागरूकता अभियान संचालित करने में झुंझुनूं ने बेहतरीन काम किया।

# फिरौती वसूलने के लिए दोस्त ने ही युवक के अपहरण की साजिश रची

## पीड़ित युवक गौरव टावर घूमने गया था, जहां 4-5 बदमाश मारपीट कर उसे कार में डाल ले गए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी के जवाहर सर्किल इलाके में गौरव टावर घूमने आए युवक का अपहरण करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। युवक का उसके ही दोस्त ने 4 अन्य युवकों के साथ मिलकर अपहरण किया और 7 लाख रुपए की फिरौती वसूलने का प्लान बनाया था। आरोपी जानता था कि युवक क्रिप्टो करेंसी का काम करता है। ऐसे में अगर उसे धमकाया तो वह रुपयों का बंदोबस्त कर देगा।

पीड़ित युवक की मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। आरोपियों ने पुलिस को आते देखा तो कार के बाहर खड़े अपने ही साथी को टक्कर मारकर भाग निकले। पुलिस ने बदमाशों का पीछा कर किडनैप हुए युवक को छुड़वा लिया। हालांकि आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने कार की टक्कर से घायल हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसका इलाज करवाया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ में

- **पुलिस ने बदमाशों को पीछा कर दौसा-लालसोट हाईवे पर युवक को मुक्त कराया**
- **पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया, जबकि बाकी तीन फरार होने में कामयाब हो गए।**

जुटी है। एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनिया ने बताया कि राम विहार सांगानेर निवासी नवराज जैन ने 29 जून को भाई के अपहरण का मामला दर्ज करवाया था। नवराज ने बताया कि 28 जून की शाम उसका भाई मनु जैन (26) मालवीय नगर स्थित गौरव टावर घूमने गया था। इस दौरान कार सवार 4-5 बदमाशों ने उसको रोका और मारपीट कर कार में डालकर ले गए।

जवाहर सर्किल थानाधिकारी विनोद सांखला ने बताया कि बदमाशों ने चलती कार में मनु जैन से मारपीट की और डरा-धमका कर रुपयों की डिमांड की। इसके बाद उसके मोबाइल से परिचित को कॉल करवाया। मनु ने कॉल कर कहा कि मुझे कुछ लड़कों ने उठा लिया है। अगर तुमने 7 लाख रुपए नहीं दिए तो ये मुझको नहीं छोड़ेंगे। भैया इनको पैसे देकर मुझे छुड़ा लो। मनु का फोन कटने पर परिचित ने नवराज जैन को फोन किया और मनु के अपहरण की जानकारी दी।

डीसीपी ईस्ट कावेंद्र सागर ने बताया कि किडनैपिंग की घटना के बाद पुलिस की टीम मनु जैन की लोकेशन ट्रेस कर रही थी। 29 जून की देर रात मनु जैन की मोबाइल लोकेशन के आधार पर किडनैपर्स का पीछा करते हुए दौसा-लालसोट हाईवे पर पहुंची। यहां फिरौती की रकम लेने के लिए किडनैपर्स की कार हाईवे किनारे खड़ी मिली।

बदमाशों ने पुलिस को देखा तो अपनी कार दौड़ा दी। इस दौरान बदमाशों का एक साथी गाड़ी के बाहर खड़ा था। कार चलाने वाले बदमाश ने बाहर खड़े अपने साथी को ही टक्कर मार दी और कार लेकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के घायल साथी को पकड़ लिया। इसके बाद बाकी बदमाशों का पीछा किया।

पुलिस टीम को अपने पीछे देखकर तीनों बदमाश कार में मनु जैन को छोड़ा और अंधेरे का फायदा उठाकर पैदल ही भाग निकले। पुलिस ने घायल बदमाश पीयूष मेहर (21) निवासी कुम्हेर भरतपुर हाल जैन कॉलोनी रामनगरिया जयपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने किडनैप युवक को सुरक्षित छुड़वा लिया और वारदात में इस्तेमाल कार को जब्त कर लिया।

आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि अपहरण की साजिश मनु के खास दोस्त ने ही रची थी। आरोपी को उसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से यह जानने की कोशिश कर रही है कि अन्य फरार तीन आरोपी कौन थे और इनका पीड़ित से क्या संबंध था। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश कर रही है।

# ऑटो में बैठकर लूट करने वाली गुजराती गैंग पकड़ी

**जयपुर।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने गुजराती गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह गैंग सवारी का इंतजार करते हुए अकेले लोगों को अपना निशाना बनाते थे। पुलिस ने इन बदमाशों के पास से वारदात में प्रयोग लेने वाला एक ऑटो भी बरामद किया है। प्रारम्भिक पूछताछ में बदमाशों ने शहर में एक दर्जन से अधिक लूट की वारदात करना कबूला है।

डीसीपी ईस्ट कावेन्द्र सागर ने बताया कि ईस्ट इलाके में हो रही लूट की वारदात को देखते हुए डीएसटी और थानों की टीम को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये हुए थे। जिस पर पुलिस टीमों ने वारदात करने वाले इन बदमाशों को डिटेन कर पूछताछ की। जिस पर बदमाशों ने अपराध करना कबूल लिया। ये सभी बदमाश मूल रूप से गुजरात के रहने वाले हैं और जयपुर में वारदात करने के लिए कुछ समय के लिए आते हैं।

पुलिस के अनुसार, आरोपी आटो रिक्शा लेकर मुख्य मार्गों पर निकल कर सड़क पर सवारी का इंतजार करते

- **पुलिस ने गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है**
- **आरोपी कम रुपयों में सवारी लेकर सुनसान जगह ले जाते, लूटकर फरार हो जाते**

अकेली महिला-पुरुष को कम किराया देने की कहकर अपने साथ ऑटो रिक्शा में बैठा कर रवाना होते। पीछे बैठने वाले आरोपी सवारी का धक्का देकर और बातों में लगाकर ध्यान बंटा कर जेब में रखे रुपए-पहने हुए गहने निकाल लेते। बाद में सवारी को थोड़ा आगे ले जाकर उतार देते। वहीं कई बार इन बदमाशों ने सवारी को सुनसान जगह पर ले जाकर लूटपाट करना भी कबूल किया है।

करीब 10-15 दिन पहले पुरानी चूंगी आगरा रोड से एक व्यक्ति को ऑटो में बिठाकर करीब 13 हजार रुपए निकाले, करीब 15-20 दिन पहले झोटवाड़ा पुलिया के पास एक व्यक्ति को बैठा कर उसकी जेब से 6700 रुपए निकाले। 7-8 दिन पहले पोलोविक्ट्री के पास एक व्यक्ति को ऑटो में बैठा कर सिन्धी कैंप के पास व्यक्ति की जेब से 7000 रुपए निकाले।, 5-7 दिन पहले एक व्यक्ति को छोटी चौपड़ से बैठा कर जेब से 2500 रुपए निकाले थे।, 3-4 दिन पहले एक व्यक्ति को सांगोनेरी गेट से ऑटो में बैठा कर 3000 रुपए निकाले थे।

पुलिस ने विजय सोलंकी (37) निवासी खाडी कच्ची बस्ती, कमला बाग, जिला पोरबन्दर, गुजरात हाल सुन्दर नगर, कच्ची बस्ती, विद्याधर नगर जयपुर, नवीन कुमार सोलंकी (30) निवासी पालीटाना, भावनगर, गुजरात हाल किरायेदार बापू कच्ची बस्ती, आरपीए, दूसरा चौराहा, विद्याधर नगर, जयपुर और पंकज सोलंकी उर्फ बाटली (32) निवासी पुराना बस स्टैंड के पीछे, कच्ची बस्ती, आन्नद, अहमदाबाद गुजरात, हाल किरायेदार सुन्दर नगर कच्ची बस्ती, विद्याधर नगर, जयपुर को गिरफ्तार किया है।

## रिलायंस निप्पॉन ने की 346 करोड़ रु. बोनस की घोषणा

**जयपुर।** रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 में अपने भागीदार पॉलिसीधारकों के लिए 346 करोड़ रुपए के बोनस की घोषणा की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए शानदार उपलब्धियाँ हासिल की हैं। नई पॉलिसी की बिक्री में 22 फीसदी की वृद्धि, इंडीविजुअल न्यू बिजनेस प्रीमियम में 10 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस के ईडी और सीईओ आशीष वोहरा ने कहा कि कंपनी ने इस अवधि के लिए 198 करोड़ रुपए के कर-पूर्व लाभ की घोषणा है, जो वित्त वर्ष 2023 की तुलना में 84 फीसदी ज्यादा है। इस घोषणा के मुताबिक, 31 मार्च, 2024 तक सभी पात्र प्रतिभागी पॉलिसीज़ इस बोनस घोषणा से लाभान्वित हुई हैं। कंपनी पिछले 23 वर्षों से लगातार बोनस की घोषणा कर रही है जो ग्राहकों को नियमित रूप से अपने प्रीमियम का भुगतान करने और पॉलिसी अवधि के दौरान निवेश में बने रहने के लिए प्रोत्साहित करती है। कंपनी के प्रमुख यूलिप इक्विटी फंड 3 ने भी मजबूत प्रदर्शन किया है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के साथ-साथ प्लास्टिक के गेहूं व चावल भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक : मंजू शर्मा

## डॉ. हेमन्त सेठिया द्वारा लिखित पुस्तक 'एक्जिमा का इलेक्ट्रोपैथी उपचार' का विमोचन



**जयपुर।** सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरे और हमारा कर्तव्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए जयपुर की सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरे आज की इस संगोष्ठी में विद्वानों ने बताए हैं, लेकिन इसके साथ-साथ हमें प्लास्टिक के बने धान जैसे गेहूं और चावल को भी प्रोत्साहन देने से रोकना चाहिए। क्योंकि यह भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

उन्होंने कहा कि गाय के दूध में आ रहे माइक्रो प्लास्टिक पर प्रोफेसर संजीता शर्मा द्वारा की गई रिसर्च का वर्णन करते हुए पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर डॉक्टर विष्णु शर्मा ने पीपीटी के द्वारा माइक्रो प्लास्टिक का गाय सहित सभी पशुओं पर पड़ रहा दुष्प्रभाव एवं उनके दूध में आ रहे हैं, माइक्रो प्लास्टिक के कारण मनुष्य को हो रहे नुकसान पर प्रकाश डाला।

पंडित दीनदयाल समारोह समिति के सचिव प्रताप भानु सिंह शेखावत ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक केवल धरती, जल और पशु पक्षियों के लिए ही खतरा नहीं है बल्कि मनुष्य के लिए भी भारी संकट के रूप में सामने आ रहा है। हमें इसे अपने नित्य जीवन एवं शादी- समारोह तथा उत्सवों में बिल्कुल प्रयोग नहीं करना चाहिए।

पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करेंगे और न करने देंगे। गौ माता को बचाना है। प्लास्टिक हटाना है और सरकार के साथ हमे अपना कर्तव्य भी निभाना है। जन प्रतिनिधियों ने राज्य और केंद्र सरकार द्वारा सहयोग का आश्वासन भी दिया।

इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सक हेमंत सेठिया द्वारा लिखित पुस्तक "एक्जिमा-इलेक्ट्रोपैथी उपचार" का अतिथियों द्वारा लोकार्पण किया गया।

स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के स्वतंत्र डायरेक्टर धर्मेंद्र सिंह शेखावत ने आए हुए सभी अतिथियों एवं गोष्ठी में सहभागी सभी सदस्यों को स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा जारी जूट के थेले का वितरण करते हुए प्लास्टिक का बहिष्कार करने का आव्हान किया। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में एक्जिमा पर विस्तृत जानकारी साझा करते हुए इलेक्ट्रोपैथी के विख्यात चिकित्सक हेमंत सेठिया ने राजस्थान और अन्य प्रांतों से आए हुए चिकित्सको को प्रशिक्षण दिया और अपने विगत 25 वर्षो के अभ्यास को साझा किया। इस संगोष्ठी में 382 इलेक्ट्रोपेथी चिकित्सको एवं 100 से अधिक गणमान्य व्यक्तियों में भाग लिया।

## लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने जयपुर की कमान छोड़ी

**जयपुर, (का.सं.)।** लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ 30 जून को जयपुर स्थित सप्त शक्ति कमांड की कमान का कार्यकाल पूरा करने के बाद पुणे स्थित दक्षिणी कमान का कार्यभार संभालेंगे। इस अवसर पर जनरल ऑफिसर ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन के प्रेरणा स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने 1 नवंबर 2023 को सप्त शक्ति कमांड की बागडोर संभाली थी। उनके कार्यकाल के दौरान, सप्त शक्ति कमांड ने नवीनतम प्रौद्योगिकियों को अपनाया, ऑपरेशनल तैयारी को बढ़ाने के लिए नवीन तकनीक तथा उच्च स्तर का सामंजस्य हासिल किया, रणनीति और नवीन प्रक्रियाओं को विकसित किया और एक आधुनिक, घातक और मिशन के लिए तैयार सैन्य बल विकसित किया।

कमान का कार्यकाल समाप्त होने पर, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने सप्त शक्ति कमांड के सभी रैंकों, वीर नारी, वेटेरन्स, डिफेन्स सिविलियन और उनके परिवारों को अपना आभार और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी रैंकों से सप्त शक्ति कमांड के मोटो सर्वदा विजयी को जीने और समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आव्हान किया।

## सार-समाचार

### शिखा गुप्ता को डॉक्टरेट अवार्ड



**जयपुर।** भूगोल विषय की प्रख्यात शिक्षिका शिखा गुप्ता को राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किया गया। गुप्ता ने अपना शोध डॉक्टर के एल सराधना के मार्गदर्शन में ट्रांसपोर्ट नेटवर्क एनालिसिस एंड मोबिलिटी पैटर्न इन जयपुर सिटी विषय पर पूर्ण किया। गौरतलब है कि इस से पूर्व शिखा गुप्ता ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा सहित अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे बैंकिंग, एसएससी, रेलवे आदि को उत्तीर्ण किया लेकिन शिक्षण कार्य को अपना पैशन बनाकर गुप्ता पिछले 18 वर्षों से विद्यार्थियों का प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में मार्गदर्शन कर रही हैं और वर्तमान में सम्यक संस्थान, जयपुर में अपनी सेवाएं दे रही हैं। शिखा गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों और अपने शिक्षक साथियों के साथ साथ विद्यार्थियों को भी दिया।

### 'एक पेड़ मां के नाम' पर लगाएं : सीएम

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 111वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह पहला 'मन की बात' कार्यक्रम था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी आमजन के साथ मुख्यमंत्री निवास पर प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना। अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सबके जीवन में मां का दर्जा सर्वोपरि होता है। मां के प्यार के कर्ज को हम चुका नहीं सकते, मगर उनकी स्मृति और सम्मान में पेड़ लगाकर मां के प्रति अपना स्नेह जता सकते हैं। उन्होंने प्रत्येक देशवासी से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पेड़ लगाने का आव्हान किया। मोदी ने कार्यक्रम में स्थानीय उत्पादों को ग्लोबल बनाने, योग दिवस, पेरिस ओलम्पिक, अमरनाथ यात्रा एवं जगन्नाथ रथ यात्रा जैसे विषयों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाएं और उनकी समुचित देखभाल करें। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का प्रदेश में इस वर्ष 7 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य है।

### डण्डे से सिर पर वारकर बुजुर्ग की हत्या

**जयपुर।** शास्त्री नगर थाना इलाके में कचरा डालने को लेकर विवाद के बाद पडौसी ने परिवार ने पिता-पुत्र पर हमला कर दिया। हमले में घायल बुजुर्ग की अस्पताल में मौत हो गई। घायल पुत्र को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार नूरानी मस्जिद के सामने वाली गली स्वामी बस्ती निवासी प्यारे लाल ने मामला दर्ज करवाया कि वह घर के बाहर झाडू लगा रहा है। सफाई करने के दौरान कचरा पडौसी के घर की तरफ चलाया गया। इस पर विष्णु, विशाल, किशन और गोविंद लाठी-डंडे लेकर आए और उस पर और उसके पिता पर हमला कर किया। हमले में पिता गिर गए। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की धरपकड के प्रयास शुरू कर दिए है।

### अप्पू घर के डायरेक्टर सहित दो गिरफ्तार

**जयपुर।** हरमाड़ा पुलिस ने अप्पू घर इंटरनेशनल एंटरटेनमेंट प्रा.लि.कंपनी के डायरेक्टर सहित दो जनों को धोखाधड़ी करने पर गिरफ्तार किया गया है। डायरेक्टर ने जयपुर-दिल्ली रोड पर जेडीए से पार्क विकसित करने के लिए लीज पर ली गई भूमि पर आवासीय प्लॉट काटकर धोखाधड़ी की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर तीन दिन का रिमांड लिया हैं। पुलिस ने बताया कि कंपनी का डायरेक्टर मोनी विजेश्वर निवासी सैनिक फार्म, कंट्री क्लब नेब सराय नई दिल्ली और राजन शर्मा निवासी फूलबाग, अलवर का रहने वाले हैं। दोनों ने साल 2007 में 99 साल की लीज पर जेडीए से पार्क विकसित करने के मकसद से जेडीए से 300 एकड़ जमीन सस्ती दर पर अलॉट करवाई। जहां पर वाटर पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, वैलनेस सेंटर बनाकर इनका खर्च निकालना था। इसके साथ ही 400 करोड़ रुपए खर्च कर 1500 लोगों को रोजगार देना बताया गया। दोनों ने जेडीए से बिना अप्रूवल लिए कॉलोनी काटना शुरू कर दी और लोगों को कॉमर्शियल, रेजिडेंशियल प्लॉट बेचने शुरू कर दिए। इसमें कई लोगों ने इनवेस्टमेंट किए थे।

### बेटी से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** दौलतपुरा इलाके में नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में रविवार को आरोपी पिता को गिरफ्तार किया हैं। आरोपित पिता पिछले दो साल से बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा था। पीड़िता ने कई बार अपनी मां को भी इस बारे में बताया, लेकिन हमेशा बच्ची की मां उसे तेरे पिता ऐसा कुछ नहीं कर सकते कह कर चुप करा दिया करती थी। जिस पर बच्ची ने हिम्मत दिखाई और पिता की इस गंदी हरकत का वीडियो बनाया और अपनी मां को दिखाया। जिस पर पीड़ित बच्ची की मां थाने पहुंची और पिता के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। जिस पर पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि 29 जून को एक महिला अपनी नाबालिग बेटी के साथ थाने पहुंची। महिला ने अपनी बेटी के साथ हुई घटना की जानकारी थाने में दी। इस मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने महिला और उसकी नाबालिग लड़की को अपने ऑब्जरवेशन में रख कर बच्ची से महिला कांस्टेबल और उसकी मां की मौजूदगी में जानकारी ली और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि बच्ची का पिता दो साल से गलत काम कर रहा था। बच्ची ने कई बार शिकायत की। लेकिन उसकी मां ने हमेशा बच्ची को शांत कर दिया। लेकिन बच्ची ने पिता द्वारा की जा रही ज्यादती मोबाइल पर रिकॉर्ड कर ली। जिसे बात में बच्ची ने अपनी मां को दिखाया। जिस पर महिला बच्ची को लेकर सीधे थाने पहुंची और शिकायत दी। बच्ची द्वारा बनाये गए वीडियो को देखने के बाद पुलिस ने तत्काल टीम का गठन किया और आरोपी की तलाश शुरू की जिस पर रविवार दोपहर को आरोपी को पुलिस ने डिटेन कर लिया हैं। जिसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि बच्ची की ओर से दी गई रिपोर्ट के बाद तत्काल बच्ची का मेडिकल कराया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस टीमें आरोपी की तलाश में भेजी गई थी।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**जयपुर।** बजाज नगर इलाके में शनिवार देर रात को तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हादसा शनिवार-रविवार क मध्यरात्रि दो बजे थाना इलाके में स्थित महावीर रबड़ी स्थित पेट्रोल पंप के पास का हुआ है। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया। वहीं इस संबंध में मृतक के भाई ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच पडताल दुर्घटना थाना पूर्व कर रहा है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में प्यारेलाल नेहरा (58) की मौत हो गई है, जो शनिवार देर रात स्कूटी से अग्रवाल फार्म से चौड़ा रास्ता जा रहे थे। रास्ते में कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। मृतक के भाई संजय नेहरा ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है कि उसके ताऊ का लड़का स्कूटी से चौड़ा रास्ता जा रहा था, तभी उसे कार ने टक्कर मार दी।

## '5 हजार नर्सिंग व पैरामेडिकल कर्मियों का सेवाकाल नहीं बढ़ा'

**जयपुर।** प्रदेश में ग्रामीण और मेडिकल कॉलेज स्तर पर काम कर रहे करीब पांच हजार से अधिक नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टॉफ की 30जून को सेवा समाप्त हो गई। ऐसे में सरकार की ओर से इनकी सेवा विस्तार का अभी तक कोई आदेश नहीं निकाले जाने से इन कार्मिकों में रोष व्याप्त है। माना जा रहा है कि सरकार ने इन्हें काम से निकालने की तैयारी कर ली है।

राजस्थान यूटीबी कार्मिक एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश शर्मा ने बताया कि ग्रामीण और मेडिकल कॉलेज स्तर पर 5000 से भी अधिक नर्सिंग और पैरामेडिकल कर्मचारी, डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, लैब सहायक और रेडियोग्राफर विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे हैं। इनकी सेवा 30 जून को समाप्त हो गई। यह कर्मचारी ग्रामीण स्तर तक कोरोना वैश्विक महामारी से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिनकी समय-समय पर सेवा अवधि बढ़ाई जाती है। एक ओर जहां प्रदेश में हजारों की संख्या

- **राजस्थान यूटीबी कार्मिक एसोसिएशन अध्यक्ष गिरीश शर्मा ने सेवाकाल नहीं बढ़ाने पर आंदोलन की चेतावनी दी**

में पद रिक्त हैं और पल्स पोलियो कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कर्मचारियों को बाहर निकलने से प्रदेश स्तर पर कार्यक्रम असफल होने की संभावना हैं।

अभी तक सरकार का आदेश नहीं आया है जिसकी वजह से पल्स पोलियो कार्यक्रम भी असफल होता हुआ नजर आ रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश शर्मा ने सरकार से अपील किया कि कार्मिकों का एक्सटेंशन बड़ा कर सेवा विस्तार किया जाए। अन्यथा मजबूर होकर संपूर्ण राजस्थान में आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने "मन की बात" कार्यक्रम को सुना

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज प्रदेश कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम का 111वां संस्करण सुना।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का "मन की बात कार्यक्रम" जन-जन के मन की बात है। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री सभी के मन की बात करते है। इसमें हमारे देश की संस्कृति और संस्कृत भाषा की भी चर्चा की गई। बताया गया कि संस्कृत भाषा जो देश में ही नहीं दुनिया के अन्य देशों में बोली जाती है, बेंगलुरू के एक पार्क में लोग किस प्रकार वीकेंड पर आपस में संस्कृत में बातचीत करते है। जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी "मन की बात" कार्यक्रम में आदिवासी महिलाओं द्वारा छाता बनाने को प्रमोट करना हो, सुक्ष्म लघु उद्योग, कुटिर उद्योग या छोटे-छोटे एफपीओ, स्वयं सहायता समूह जो देश भर में अपना एक ब्रांड पहुंचा रहे हैं।

## धर्म राजनीति को चलाएं तो देश आगे बढ़ेगा : स्वामी निश्चलानंद

**जयपुर।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि सभी के पूर्वज सनातनी वैदिक आर्य हिंदू थे। ईसा मसीह मोहम्मद साहब के पूर्वज हिंदू थे। हमारे वेद शास्त्र पुराण ज्ञान विज्ञान का विश्व में कहीं खंडन नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र घोषित हो। पक्षपात विहीन शोषण विहीन मुक्त धर्म नियंत्रित शासन तंत्र की स्थापना हो।

शंकराचार्य ने कहा कि ब्रह्मा जी के आशीर्वाद से देश और विदेश में ऐसे लोगों का जन्म हो चुका है। जो स्वस्थ क्रांति को घोषित करेंगे और हिंदू राष्ट्र बनेगा मुझे ऐसा बिल्कुल भी संदेह नहीं क्योंकि मेरे जीवन में असफलता का संदेश नहीं है। भगवान सूर्य का आशीर्वाद है आजकल भारत देश में क्या हो रहा है कि आतंकवादी को नकली शंकराचार्य बनाकर घुमाया जा रहा है। इसका उत्कर्ष कैसे हो सकता है जिसमें हुर्रियत के नेता के एजेंट को नकली शंकराचार्य बनकर घुमाया जा रहा है उसे थाईलैंड के कार्यालय पर शरण दी जा रही है। पुरी शंकराचार्य ने बताया कि क्या भारत के शासन तंत्र में वह क्षमता है जो मेरे ज्ञान विज्ञान का उपयोग कर सके जबकि दक्षिण कोरिया के विद्वान गणित के विषय में मेरा परामर्श लेकर कठिन बुद्धि को सुलझाया। विश्व बैंक के अर्थशास्त्र की समस्या का हल किया। लेकिन भारत के शासन तंत्र में क्षमता ही नहीं कि मेरे ज्ञान विज्ञान का उपयोग कर सके। शंकराचार्य ने कहा कि सभी के पूर्वक सनातनी वैदिक आर्य हिंदू थे। ईसा मसीह मोहम्मद साहब के पूर्वज हिंदू थे एवं मक्का में मक्केश्वर महादेव बताया हमारे शास्त्र पुराण ज्ञान विज्ञान विश्व में कहीं खंडन नहीं हो सकता इसलिए भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने से कोई रोक नहीं सकता। शंकराचार्य ने कहा कि धर्म राजनीति को चलाएं राजनीति को चलाएं तो देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। जिस देश को और शक्तिशाली बनाया जा सके विश्व गुरु बनाया जा सके। इस अवसर पर कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीना ने भी पूज्य शंकराचार्य का आशीर्वाद लिया।

# ठेकेदारों के फायदे के लिए बढ़ा दिया ट्री-गार्ड का वजन?

## ज्ञात रहे कि इस मानसून में ग्रेटर निगम ने 74 लाख की लागत से खरीदे जाने वाले 1 हजार ट्री-गार्ड का वजन करीब 9 किलो रखा है, जबकि हैरिटेज निगम 16-17 किलो वजनी ट्री-गार्ड 2.66 करोड़ रु. में मांग रहा है

**जयपुर (कासं)** जयपुर शहर में पेड़-पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा में ट्री-गार्ड लगाने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण और हैरिटेज व ग्रेटर नगर निगम ने इस मानसून में करोड़ों रु. के टैंडर किए हैं। जहां जे.डी.ए. प्रशासन करीब 11 करोड़ की लागत से पौधारोपण व ग्रीन बेल्ट विकसित करने का काम करेगा, वहीं करीब 5 करोड़ रु. ग्रेटर-हैरिटेज निगम द्वारा खर्च जाएंगे।

मजेदार बात यह है कि सबसे ज्यादा चौंकाने वाले मामले हैरिटेज नगर निगम में सामने आ रहे हैं। यहां पिछले दिनों उद्यान शाखा ने 12700 ट्री-गार्ड का टैंडर करीब 2.66 करोड़ रुपए में निकाला है, यानी कि 1 ट्री-गार्ड करीब 2100 रुपए में खरीदा जाएगा। वहीं दूसरी ओर ग्रेटर नगर निगम में

- **बताया जा रहा है कि हैरिटेज निगम आयुक्त ने उद्यान शाखा से इस प्रकरण की रिपोर्ट मांगी है, लेकिन अब अधिकारी यह दलीलें दे रहे हैं कि "हमारा ट्री-गार्ड ज्यादा मजबूत है"**

7400 ट्री-गार्ड की अनुमानित लागत सिर्फ 74 लाख रुपए रखी गई है, यानी कि एक ट्री गार्ड सिर्फ 1000 रुपए में खरीदा जाएगा।

बताया जा रहा है कि जैसे ही यह प्रकरण उजागर हुआ तो हैरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने उद्यान शाखा के अफसरों से इस प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट मांगी ली। आयुक्त की ओर से पूछा गया है कि आखिर, हैरिटेज निगम ने ट्री-गार्ड की अनुमानित लागत 2100 रु. तय क्यों कर दी, जबकि ग्रेटर में यह लागत 50 फीसदी सस्ती है।

सूत्रों की मानें तो उद्यान शाखा के अफसरों द्वारा दलील दी जा रही है कि ग्रेटर निगम ने जो 7500 ट्री गार्ड मांगे हैं, उनका अनुमानित वजन करीब 9 किलो होगा। जबकि हैरिटेज निगम द्वारा तय साइज व मानक के मुताबिक इसका वजन 16-17 किलो के आसपास होगा और "हमारा ट्री-गार्ड ज्यादा मजबूत होगा।"

हैरतअंगेज यह है कि, अधिकारियों द्वारा वजन तो बताया जा रहा है, लेकिन यह कारण नहीं बताया जा रहा कि, आखिर उन्होंने ज्यादा वजनी ट्री-गार्ड खरीदने का निर्णय क्यों लिया। निगम के गलियारों में चर्चाएं है कि उद्यान शाखा द्वारा ज्यादा वजन के ट्री-गार्ड इसलिए खरीदे जा रहे हैं, ताकि टैंडर की लागत बढ़े और ठेकेदारों को भी ज्यादा फायदा मिले।

वहीं दूसरी ओर हैरिटेज सिटी कॉन्टैक्टर्स सोसायटी के अध्यक्ष रघुवीर शर्मा का आरोप है कि नगर निगम प्रशासन टैंडरों में अनुचित शर्ते लगाकर "फेयर कॉम्पीटिशन" नहीं होने देना चाहता। इस बार भी उद्यान शाखा के टैंडरों में 33 प्रतिश के अनुभव की शर्त रखी गई है, इससे नये ठेकेदारों को मौका नहीं मिलेगा।

इस बारे में निगम प्रशासन का कहना है कि गत 28 जून का स्वायत्त शासन विभाग ने भी आदेश जारी कर प्रत्येक टैंडर में गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए अनुभव की शर्त को जायज माना है। इस आदेश में साफ कहा गया है कि "संवेदक को किसी राजकीय विभाग अथवा राजकीय उपक्रम में समान प्रकृति के गत 3 वर्ष में नियमानुसार संपादित कार्य, जिनका अनुभव/पूर्णता प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। एक कार्य की अनुमानित लागत का 80 प्रतिशत के बराबर पूर्णता प्रमाण पत्र पेश करना होगा। या 2 कार्य, जिनमें से एक कार्य की अनुमानित लागत का 50 प्रतिशत के बराबर पूर्णता प्रमाण पत्र देना होगा। अगर 3 कार्य हैं, तो प्रत्येक कार्य की 40 प्रतिशत के बराबर पूर्णता प्रमाण पत्र पेश करना होगा।"




## Second Half of the Year Day

July 1st (the 182nd Day of the Year) marks Second Half of the Year Day, a chance to step back, evaluate your year so far with your goals and objectives (never mind the new year's resolutions which likely didn't last until February…) and to take action to get back on track, if necessary. It's a great opportunity to do some hard thinking over your finances, your diet, your career and other aspects of your life that you might want to improve. Make the second half of the year count!

#IMPROVISING

### Better and Cheaper

# Li-ion Battery Electrodes

Current lithium-ion batteries charge too slowly, and manufacturers typically use flammable, toxic, and expensive solvents that increase the time and cost of production





A team, led by Worcester Polytechnic Institute (WPI) researcher Yan Wang, has developed a solvent-free process to manufacture lithium-ion battery electrodes that are greener, cheaper, and charge faster than electrodes currently on the market, an advance that could improve the manufacturing of batteries for electric vehicles.

In the journal *Joule*, the group reported on a dry-print manufacturing process that avoids the toxic solvents and the long drying times needed when manufacturing electrodes with slurries and conventional production methods. Wang, who is the WPI William B. Smith Dean's Professor in the Department of Mechanical and Materials Engineering, said that the new process could be scaled up and reduce electrode manufacturing costs by up to 15 per cent, while also producing electrodes that can charge faster than conventionally produced electrodes.

"Current lithium-ion batteries charge too slowly, and manufacturers typically use flammable, toxic, and expensive solvents that increase the time and cost of production," Wang said. "Our solvent-free manufacturing process addresses those disadvantages by producing electrodes that charge to 78 per cent of capacity in 20 minutes, all without the need for solvents, slurries, and long production times."

Commercial lithium-ion battery electrodes are typically made by mixing active materials, conductive additives, polymers, and organic solvents to create a slurry that is pasted onto a metal substrate, dried in an oven, and cut into pieces for use in batteries. The solvents are recovered through distillation.

The researchers' process, in contrast, involved mixing together dry powders, that were electrically charged so they would adhere, when sprayed onto a metal substrate. The dry-coated electrodes were then heated and compressed with rollers. Skipping the conventional drying and solvent-recovery process cut battery manufacturing energy use by an estimated 47 per cent, the researchers reported.

Wang has long been focused on improving lithium-ion batteries and reducing the waste they create. He co-founded Ascend Elements, a company that is developing battery recycling technologies. Wang's electrode manufacturing work has been funded by the Department of Energy with the United States Advanced Battery Consortium LLC and the Massachusetts Clean Energy Center.



# HEAD BACK TO SCHOOL







The key to getting through all this is as much preparation as possible, surveys say. That includes setting up play dates to ease kids into seeing more friends again, encouraging family discussions about feelings, and seeking out help when mood changes and elevated anxiety levels are affecting a child's ability to engage in everyday life.

● Poornima Mhatre

#ROUTINE

Many students have been out of their classrooms for a normal summer vacation, so what *back to school* will look like after a season of no wake-up calls!

Gearing up for this year's back-to-school season means thinking about a lot more than notebooks and highlighters. It's that time of the year when schools are getting ready to re-open and begin the new academic session. While all will make a fuss about going back to the school routine, it is this 'same school routine' that gives them the much needed focus and stability that we all long for. So, how do we go about preparing for this return?

Here is what one school enthusiast has to say about rejoining classes and friends. "The day began with one thought, 'Where is my uniform?' From brushing my teeth to tying the shoelaces, I was in a constant rush. My mother wanted to know what I would like to take for school lunch but I could only think of how soon I could reach school and meet my friends and teachers. Everything seemed the same yet different. The teachers were welcoming as they had missed us, too. Chocolates were distributed among students as a welcome-back gift. Copying from the whiteboard, sneaking out of the classroom, falling asleep in the last period, I could relive all these moments that had become memories. To sum up the day, it was a good one, but also a tiring one."



For the child who is going to school for the first time, parents have a very special role to play. Most children have gone to a playschool or nursery and are happy to go to a big school. While there is excitement, there is also nervousness. The playschool, next door, is small, and with fewer kids. Going in a school bus to school, that is huge and with many children, can unnerve a child. So, prepare your child for that. If possible, take him/ her a few times to the school, maybe after school hours or, if permitted, during daytime. Let them have a tour of the school, canteen, washroom or playroom etc. so that they are familiar with the surroundings. Fill the child with the 'fun' component of being in a big school. Schools, these days, do allow for these sorts of visits, and usually permit parents to travel in the bus for the first couple of days.

The key to getting through all this is as much preparation as possible, surveys say. That includes setting up play dates to ease kids into seeing more friends again, encouraging family discussions about feelings, and seeking out help when mood changes and elevated anxiety levels are affecting a child's ability to engage in everyday life.

Here, one educationist shares her advice for families entering a phase of uncertainty.

**Q. What can parents start doing right now to help prepare for this transition?**

**A.** I'd really like to see families making time everyday for a check-in just to see how things are going. During that time, we put our electronics down and we really just listen and pay attention. We're not asking a whole bunch of questions. We're not looking for an answer necessarily. Just, 'How are you feeling?' And then, let our kids, kind of, guide us from there.

**Q. What kinds of responses should parents be looking out for?**

**A.** If the child says, "I don't want to go to school anymore," then, it's definitely the time to unpack that and just talk about it. Is there an increase in worry? Are our kids starting to be more irritable or easily set off? Are they avoiding activities that they previously enjoyed?

Those are signs that something more is going on from an anxiety standpoint or a mood standpoint, and you should follow up with your pediatrician or with a therapist or psychologist. Definitely, if they bring up any signs or thoughts of, "It would be better if I wasn't here" or "I wish I were dead," then, we, of course, want to get some additional support.

**Q. If children are nervous about returning to in-person classes, how can a parent make it feel less daunting?**

**A.** The more information we can get for our kids, early, the better. Can we get a couple of tours of the school? Can we find out where their locker is going to be? Can we get the schedule earlier and find out who's in our classes? All those unexpected pieces, that we can learn about, early, are so huge to relieve anxiety and set the expectations really clearly.

And there's thinking about the organization piece, and practicing what that's going to look like. Our kids aren't going to be sitting at home, with all those textbooks ready for them. They're going to be balancing getting to their classrooms and changing classes. Let's set a timer, see how long it will take them to get from this class to that class, and make sure that they have time to use the restroom.

rajeshsharma1049@gmail.com



#INTERTWINED

# Romancing Health-care with Music

Music has also its own sublime romanticism in healing neurological, physical and other ailing patients



**Ranjan Das Gupta**
*(Kolkata based freelancer who writes about health-care, education, arts and culture for 3 decades.)*



George Fredrick Handel, the legendary composer once said, "The essence of music has a silent romance with healthcare, which is rarely known." No wonder Florence Nightingale always sang, "Sing them over to me again, wonderful words of life" and treated countless patients. The immortal song of Lord Jesus Christ was her inspiration for healthcare.

Great healthcare activists believe in music 'which is soul searching' and has that link with healing patients. No wonder, dazzling beauties like Sangita and Preetha Reddy, Anna Pulimood and Nandini Duggal, who are experts in the arena of healthcare, have one common link. They are all married to their first love, benevolent healthcare. Be it caring for rural healthcare development, hospital management, research in microbiology or anaesthesia related treatment, they silently excel.

The music of healthcare cannot be defined in words. If there are healthcare professionals, who are busy chasing flowers like Neil Diamond, others are like Dean Martin's, '*The Man Who Plays the Mandolino,*' who give their lives serving the cause of medical excellence without caring for themselves. Indian Medical Association has recently come out with statistics of around two thousand noble medical practitioners who gave their lives during Covid.





No song in India is there to glorify their achievements. Yet, one number does do justice to them, '*My Friend the Sea*' by Nana Muscouri. Her friend was the Mediterranean Sea and the friends of those valiant health warriors are medicines, surgical instruments and various equipment for healthcare development. Music has also its own sublime romanticism in healing neurological, physical and other ailing patients. Researchers around the world show us that somber Indian classical music and the lilt of western philharmonic orchestras have had considerable healing effects on patients. In a rare case, '*The Moonlight Sonata*' helped in healing a patient at Amsterdam, Holland. He was suffering from depression.

Going by the common ways of judgement, the romanticism of music in pertinence to healthcare is calculating on the hypothetical. Maximum people believe that these are hardcore subjects which can never be linked by stupid lover oriented views. What they fail to understand is that a typical love affair of a modern-day Romeo or Don Juan has no place in the dictionary of serene love. So, the ethics of romanticism, which is an extension of classicism, is divine and has itself created the link between healthcare and music as Ustad Ali Akbar Khan said after his joint concert with Yehudi Menuhin.

To point out songs categorically, which relate to healthcare and ignite romanticism, is really difficult. When Dr. R. V. Asokan takes his mission of eradicating tuberculosis all throughout the nation, he receives support from the Union Government and WHO. A colon cancer patient, Dr. B. P. Reddy never misses the chance to teach students about salient features of modern healthcare and how it can fill them with a romanticism, which is not defined easily. Dr. Sandip Budhiraja, iconic General Medicine Specialist, never retorts sharply, if christened, Dr. Intelligence.



These are rare examples in India where the music of healthcare can be heard. It is silent, flowing like a stream of reason and can be defined by one Pat Boone song, '*Tell Me Quando.*' The Spanish word for 'love' in this song is the first line of both medical practitioners and other human beings to define their holy relation.

No wonder, the inspiration of music, in giving a new dimension to healthcare, has Dr. Johnrose Austin Jayalal silently carrying out his noble mission for Commonwealth Medical Association. The motto of a *philharmonic orchestra* mingled with *classical ragas* is the inner soul of his work.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अजमेर में सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल महाकुंभ-2024 का विधिवत आगाज़

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी व स्वायत्त शासन मंत्री जाबर सिंह खर्रा ने शुभारंभ किया

**अजमेर,** (कासं)। नगर निगम अजमेर व क्रीडा भारती अजयमेरू द्वारा आयोजित होने वाले सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल महाकुंभ-2024 का विधिवत शुभारम्भ ध्वजारोहण व मशाल जला कर आगाज किया गया।

मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी व स्वायत्त शासन मंत्री जाबर सिंह खर्रा द्वारा किया गया। इस खेल महाकुम्भ में 4000 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम से पूर्व वृक्षारोपण किया और कहा कि प्रधानमंत्री जी ने को एक पेड़ मां के नाम अभियान का आगाज किया है इसमें हम सभी को सहभागी बनना चाहिए और वृक्ष का पालन इस प्रकार जिस प्रकार हमारी मां हमारा लालन पालन करती है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि जो कोई भी खेल गतिविधियों में रुचि रखता है, वह जीवन के किसी भी खेल से कभी हार नहीं मानता या हार नहीं मानता। खेल और खेलों में भाग लेना उन्हें एक टीम खिलाड़ी बनना सिखाता है, जिसका रवैया हमेशा ध्यान का केंद्र बनने का होता है। खेल और खेल आत्मविश्वास बढ़ाने वाली गतिविधियां हैं और बच्चों को बहुत मज़ा भी देते हैं, खेलकूद को अतिरिक्त या मनोरंजक गतिविधियों के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि ये उससे कहीं अधिक हैं, कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के खेलों में जाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए और उन्हें केवल एक खेल में ही नहीं बल्कि उससे अधिक खेलो को खेलने का मौका दिया जाना चाहिए। स्वायत्त शासन मंत्री जाबर सिंह खर्रा ने कहा कि खेलने के लिए प्रत्येक दिन कुछ समय निकालना चाहिए। खेल आपको स्वस्थ शरीर और दिमाग के साथ बेहतर ध्यान लगाकर पढ़ाई करने में भी मदद करेगा, परन्तु खेलकूद को आज के समय में माध्यमिक माना जाता है क्योंकि हर कोई उच्चतम अंक स्कोर करने और प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने में लगा हुआ है। उन्हें ये समझ में नहीं आता कि अध्ययन खेल से बाधा नहीं बनता बल्कि ये उन्हें आशावादी बने रहने और प्रतिस्पर्धी भावना को सकारात्मक बनाए रखने में मदद करता हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में धरोहर एव प्रद्धोनिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि आज हमारे लिए हर्ष की बात है निगम द्वारा शहर के लिए शहर की आन बान शान सम्राट पृथ्वीराज चौहान के नाम से प्रतियोगिता आयोजित करवा रहा है,आज निगम सामाजिक सरोकार के जो कार्य कर रहा है वो साधुवाद के पात्र है। खेलकूद एक व्यक्ति के दिमाग को स्वस्थ और सक्रिय रखने में मदद करता हैं। जिसके कारण उनकी नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है और सभी जगहों पर सकारात्मक ऊर्जा फैल जाती है। यह लोगों को मजबूत, आत्मविश्वासी और कुशल बनाता हैं तथा उसके मानसिक एवं शारीरिक विकास और चरित्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। कार्यक्रम संयोजक व उपमहापौर नीरज जैन ने बताया कि आज योगा पटेल स्टेडियम में, वॉलीबाल पटेल स्टेडियम में , फुटबॉल पटेल स्टेडियम में, शूटिंग करणी शूटिंग लोहगाल, बैडमिंटन इंडोर में शुभारभ हुआ। एक जुलाई को दूसरे दिन शतरंज का शुभारंभ और आज हुई प्रतियोगिताओं का सेकेंड राऊंड होगा।

# भारत के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर पुष्कर सरोवर की पूजा की



पुष्कर सरोवर की तीर्थ पुरोहितों ने पूजा-अर्चना की।

**पुष्कर,** (निसं.)। भारत के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने की खुशी में तीर्थ पुरोहितों ने पवित्र सरोवर का दुग्ध अभिषेक किया। भारत की वर्ल्ड कप जीतने की खुशी को लेकर पुरोहितों ने पवित्र सरोवर में पूजा-अर्चना का दुग्ध अभिषेक किया।

शनिवार की रात्रि में टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए कांटे के फाइनल मैच में भारत ने अफ्रीका को 7 रनों से हराते ही पुष्कर में खुशी की लहर दौड़ गई और क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर आतिशबाजी कर देर रात्रि में दीपावली मनाई तो वहीं पवित्र सरोवर पर तीर्थ पुरोहितों ने ब्रह्म घाट पर दुग्ध अभिषेक किया।

शनिवार को कौशल मुखिया और कौशल मिश्र के नेतृत्व में पूजा-अर्चना करके पुष्कर गुरु से मनोकामना कर टी 20 वर्ल्ड कप जीतने की मन्नत मांगी थी। मनोकामना पूरी होने पर वर्ल्ड कप जीतने पर रविवार को फिर पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना की और बीसीसीआई को क्रिकेट टीम को पुष्कर पूजा करने के लिए पुष्कर आने का न्योता दिया है। इस अवसर पर अजय पाराशर, रेशू पाराशर, विकास बाबू, कौशल मुखिया, अनिल मिश्र, विशाल पाराशर, राजेश पाराशर, कमल पाराशर, कौशल मिश्र, मनीष पाराशर, आचार्य पवन पाराशर सहित काफी संख्या में तीर्थ पुरोहित और क्रिकेटप्रेमी मौजूद थे।

# मकराना में पांच खानों का हिस्सा गिरा

**मकराना,** (निसं)। मकराना मार्बल खनन क्षेत्र के रेवत डूंगरी रेंज की मार्बल खदानों का हिस्सा रविवार सुबह करीब पांच बजे अचानक भरभरा कर ढह गया। पहले पांच खानों का हिस्सा सड़क की तरफ का गिरा, जिसमें कुछ की क्रेन और उन पर लगी मशीनरी भी खानों में गिर गई। शनिवार को मकराना में भारी बारिश हुई, जिससे खानों की अगवाड़ें लूज हो गई। खानों में रात काम बंद ही था वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

बारिश से खानों के सड़क की तरफ खान का हिस्सा काफी लूज हो गया। इनमें रेवत डूंगरी रेंज की खान संख्या 21, 22, 23, 24, 25 की अगवाड साइड में काफी समय से दरारें भी आ चुकी थी। इनमें से कुछ खदानों के हिस्से को लेकर खान ठेकेदार पहले से ही उनके ढहने का अंदेशा जता रहे थे। इस हादसे से खान मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

खनिज विभाग ने बारिश शुरू होने से पहले ही जिन खदानों के ढहने का अंदेशा बना हुआ है, उनको बंद रखने के आदेश दे रखे थे। इसकी वजह से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। खदानों के अंदर खनन कार्य जारी रहता तो बड़ा हादसा भी हो सकता था। खान ढहने से मकराना से जाखली की तरफ जाने वाले मार्ग का कुछ हिस्सा खानों के अंदर गिर गया, इससे लोगों को आवागमन के समय सावधानी बरतने को कहा गया है।



मकराना मार्बल खनन क्षेत्र के रेवत डूंगरी रेंज की मार्बल खदानों का हिस्सा गिर गया।

## सड़क हादसे मे युवक की मौत

**करौली** (निसं)। ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। करौली अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसा जिला मुख्यालय के पांचना बांध के पास सैंगरपुरा रोड पर हुआ।

सदर थानाधिकारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि पांचना बांध के पास सेंगरपुरा रोड पर एक ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार राहुल पुत्र मुखराज गुर्जर निवासी पीपलपुरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए करौली अस्पताल लाया गया। जहां डॉ. ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। जहां शनिवार को पोस्टमॉर्टम की कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक का शुक्रवार को ही जन्मदिन था। वह जन्मदिन मनाने के बाद दोस्तों को गुडला बस स्टैंड छोड़ कर गांव जा रहा था। इस दौरान हादसा हो गया। राहुल कृषि पर्यवेक्षक परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में पथराव, 11 जने गिरफ्तार

## पुलिस ने 20 से अधिक आरोपियों को चिन्हित किया, मोहल्ले में आर.ए.सी. जवानों को किया तैनात

**सादुलपुर,** (निसं)। मोहल्ला नरडियांन में आपसी रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ, जिसके कारण मोहल्ले में भय का वातावरण बन गया। गत दो-तीन दिन पहले मारपीट के परस्पर मामले दर्ज होने के बाद दोनों पक्षों में शनिवार रात्रि को जमकर पथराव हुआ तथा पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी नदारद हो गए।

रविवार सुबह दोनों पक्षों में फिर जमकर पथराव हुआ तथा जनहित में लगी टेबलों को भी तोड़फोड़ दिया। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि रात्रि को सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण कर सभी को पाबंद करने की कार्रवाई की, लेकिन सुबह फिर दोनों पक्षों में पथराव हो गया। जिसके कारण अशांति का वातावरण बन गया और पुलिस ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर पथराव करने के आरोप में दोनों पक्षों के एक दर्जन से भी अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है तथा लगभग 20 से अधिक आरोपियों को चिन्हित करने का काम किया है जिनको पुलिस शीघ्र ही गिरफ्तार करेगी।

उन्होंने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस दिन भर गश्त करती रही तथा मोहल्ले में आर ए सी जवानों को भी तैनात किया है। उन्होंने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# चार घंटे में केबल चोर गैंग को पकड़ा, तीन गिरफ्तार

## तीनों आरोपी चोरी करने से पहले इलाके में कचरा बीनने के बहाने से ट्यूबवेलों की रैकी करते थे

**पाटन,** (निसं)। डाबला पुलिस ने रविवार को केबल चोर गैंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए महज चार घंटे में तीन केबल चोरों को गिरफ्तार किया है।

डाबला थानाधिकारी महेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि झाबरमल गुर्जर पुत्र भगवाना राम गुर्जर निवासी पोसवालों की ढाणी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि

- **आरोपियों ने पूछताछ में डाबला इलाके में और भी ट्यूबवेलों से केबल चोरी करना कबूल किया**

शनिवार को तीन व्यक्ति हमारे खेत की ट्यूबवेल से करीब 300 फीट केबल चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज करने के मात्र 4 घंटे के अंदर ही केबल चोर गैंग के तीन आरोपी प्रकाश (45) पुत्र रामजीलाल गुजराती माली निवासी सातपड़ा थाना गाड़ियाधाल जिला भावनगर गुजरात, रणजीत (28) पुत्र मंगतराम निवासी सीहोर थाना वीरमगांव गुजरात, रमेश (40) पुत्र किशन निवासी सनिया थाना देतरोज जिला गुजरात को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई केबल भी बरामद की गई है। तीनों आरोपी चोरी करने से पहले इलाके में कचरा बीनने के बहाने से ट्यूबवेलों की रैकी करते थे। उसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। आरोपियों ने पूछताछ में डाबला इलाके में और भी ट्यूबवेलों से केबल चोरी करना कबूल किया है। आरोपियों से गहनता से पूछताछ जारी है।





डाबला पुलिस ने केबल चोर गैंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## अजमेर एसीबी टीम भीलवाड़ा यूआईटी पहुंची

**भीलवाड़ा,** (निसं)। नगर विकास न्यास में फर्जी पट्टे और मुआवजे के नाम पर करोड़ों रुपए के घोटाले के मामले में अजमेर की एसीबी टीम जांच के लिए

- **नगर विकास न्यास में फर्जी पट्टे और मुआवजे के नाम पर करोड़ों रुपए के घोटाले के मामले में जांच शुरू की**

भीलवाड़ा पहुंची है। एसीबी डीजी रवि महेरड़ा के निर्देश पर अजमेर एसीबी टीम भीलवाड़ा यूआईटी पहुंची और दस्तावेजों की जांच शुरू की। एसीबी टीम के आने से भू माफिया में खलबली है वहीं न्यास कर्मचारियों में भी हड़कंप मचा है।

जानकारी के अनुसार नगर विकास न्यास में पिछले कुछ सालों में फर्जी पट्टे बनाने और जमीनों के मुआवजा फर्जी तौर पर देने का खेल चल रहा है इसे लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अजमेर से एक टीम भीलवाड़ा पहुंची है यह टीम अजमेर एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा के नेतृत्व में यहां आई है। साथ ही भीलवाड़ा एसीबी टीम भी नगर विकास न्यास पहुंची ओर युआईटी सचिव ललित गोयल से जानकारी जुटाई गई। जांच कार्यवाही शुरू होने से न्यास के कर्मचारियों और बाबुओं को बुलाया गया है इससे न्यास कर्मचारी और भू माफियाओं में खलबली मची हुई है।

# युवक का शव खेजड़ी के पेड़ पर फंदे से झूलता मिला

**मकराना,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के भरनाई ग्राम के एक खेत में शनिवार रात को एक युवक का शव खेजड़ी के पेड़ पर फंदे से झूलता मिला। मकराना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और उसे मकराना के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। रविवार को मृतक का पोस्टमार्टम करवा करवा शव परिजनों के सुपूर्द कर दिया है। मकराना थाने के हेड कांस्टेबल सुरेश मीणा ने बताया कि मृतक मनना राम (26) पुत्र रामेश्वर लाल मेघवाल निवासी खेरपुरा 28 जून को सुबह 8 बजे अपने घर से कुचामन के लिए दवाई लाने के लिए निकला था, जो घर नहीं पहुंचा। एक दिन पूरा बीत जाने के बाद भी 29 जून की शाम तक उसके घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने अपने क्षेत्र के मौलासर पुलिस थाने में मृतक की गुमशुदगी दर्ज करवाई।

इस बीच शनिवार देर रात्रि को पुलिस को सूचना मिली कि भरनाई गांव के एक खेत में युवक खेजड़ी के पेड़ से लटका हुआ है, जिस पर मकराना पुलिस मौके पर पहुंची, साथ ही मौलासर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।घटना स्थल मृतक मनना राम के घर से मात्र एक किमी की दूरी पर है, जहां मृतक के गांव खेरपुरा का थाना मौलासर और घटनास्थल का थाना मकराना लगता है। ऐसे में दोनों थानों की पुलिस ने मौका देखा, जहां सिर्फ एक व्यक्ति के ही पेड़ तक जाने के फुटमार्क थे। इससे पहली नजर में आत्महत्या का मामला माना गया। परिजनों की तस्दीक के बाद पुलिस ने शव को खेजड़ी से उतरवा कर मकराना के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रात्रि लगभग 10 बजे रखवाया। रविवार को सुबह पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## परीक्षा सम्पन्न

**अजमेर,** (कासं)। आरपीएससी की भूजल विभाग में सहायक अभियंता यांत्रिकी प्रतियोगी परीक्षा 2023 रविवार को जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा में महज 12.99 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। जिला मुख्यालय पर आयोजित परीक्षा में 11 हजार 780 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए, जिनमें से 1 हजार 530 परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई जबकि 10 हजार 250 अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा प्रथम पारी सुबह दस से दोपहर डेढ़ बजे तक आयोजित की गई।

## आकाशीय बिजली गिरने से टीनशेड और दीवार क्षतिग्रस्त

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के गांव भोजण में आकाशीय बिजली गिरने से पशुओं के लिए बना टीनशैड का छप्पर टूटकर गिर गया। हालांकि मौके पर कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। इस दौरान मौके पर श्री करणी सेना राजगढ़ तहसील अध्यक्ष नवीन सिंह राठौड़ सहित ग्रामीण सजंय शर्मा, सुनील शर्मा, महावीर मेघवाल व नरेश शर्मा सहित लोगों की भीड़ जमा हो गई। गांव के नवीन सिंह राठौड़ ने बताया कि क्षेत्र में बारिश के दौरान गांव के विद्याधर शर्मा के घर पर बने पशुओं के छप्पर पर तेज धमाके के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। आकाशीय बिजली गिरने से छप्पर पर लगी सीमेंट की टीन और दीवार क्षतिग्रस्त होकर गिर गई। गनीमत यह रही कि हादसे के समय छप्पर में अंदर को पशु नहीं बंधा था।

## नकली नोट जमा कराने का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। सूरजपोल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नकली नोट जमा करवाने का प्रकरण दर्ज किया। मैनेजर एसबीआई बैक शाखा राजसंघ प्रतापनगर ने आरोपी हेमन्त सियाराम गुर्जर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने एसबीआई बैंक शाखा प्रतापनगर में स्थित केश डिपोजिट मशीन में 500 रूपये के 20 नकली नोट जमा करवाए।

## मोबाइल चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**अजमेर,** (कासं)। राजकीय रेलवे पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस उसके कब्जे से चुराया गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। आरोपी गुजरात का रहने वाला है। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है। जीआरपी थाना प्रभारी अनिल देव ने बताया कि 25 मई को योगेश शर्मा की ओर से मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हैड कॉन्स्टेबल फिरोज खान को सौंपी गई। हैड कानि. खान ने जांच के दौरान मोबाइल ट्रेसिंग कर आरोपी जाकिर पठान पुत्र अल्ताफ पठान निवासी सलाबतपुरा सूरत (गुजरात) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चुराया गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। पुलिस टीम में फिरोज खान, सुरेश यादव, खितेन्द्र कैन, अशोक कुमार शामिल थे।

# मादक पदार्थ जब्त, दो युवती सहित तीन गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान दो युवती सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से अवैध एमडीएम जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाशचंद्र खटीक के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत, स्पेशटल टीम प्रभारी देवेन्द्र देवल, एसआई रेणु खोईवाल के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सुनील विश्नोई, खुमाणसिंह मय टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर भैरवगढ़ जाने वाली सड़क पर पहुंचे,

- **पूछताछ में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ जब्त कर प्रकरण दर्ज किया**

जहां पुलिस को देख वहां खड़ा एक युवक व दो युवतियां भागने लगे। जिनका पीछा कर पुलिस ने दबोच लिया।

पूछताछ करने पर युवती ने अपना नाम अनीता टांक उर्फ एंजल पुत्री नारायणलाल टांक पत्नी सुरेन्द्र चौधरी अम्बामाता स्कीम अम्बामाता हॉल केशव नगर सुखेर, हिमांशी उर्फ नन्नू पुत्री भैरूलाल सोनी निवासी अहिंसा सर्कल भीमगंज भीलवाड़ा तथा सद्दाम हुसैन उर्फ कांकरोली पुत्र छोटू खां निवासी आनंद टॉकीज के पास नाथद्वारा राजसमन्द हाल फारूख आजम कॉलोनी मल्लातलाई अम्बामाता को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर सद्दाम के कब्जे से 25 ग्राम एवं अनीता व हिमांशी के कब्जे से 15-15 ग्राम मादक पदार्थ एमडी पाई गई। पूछताछ में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# खेत पर गए युवक का शव कुएं में तैरता मिला

**मसूदा,** (निसं)। कस्बे में घर से खेत पर गए युवक का शव रविवार को कुएं में तैरता मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मसूदा कस्बे के इन्द्रा कॉलोनी निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र मोहन लाल जीनगर (30) शनिवार शाम को खेत पर जाने के लिए घर से गया था। इस दौरान कुएं के पास पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गया। कुएं में पानी होने से वह डूब गया।

रविवार प्रात तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों के तलाश करने पर युवक का शव कुएं में तैरता नजर आने से परिजनों के होश उड़ गए। जानकारी मिलने पर मौके पर आस पास के ग्रामीण भी पहुंच गए। सूचना मिलने पर मसूदा पुलिस थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे एवं क्रेन की मदद से युवक का शव कुएं से बाहर निकाला गया एवं मसूदा चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने मृतक के भाई गोविंद की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। स्थानीय इन्द्रा कॉलोनी निवासी युवक के शव को कुएं से निकालने के लिए क्रेन पर एक ट्रॉली लगाकर कुछ युवक हिम्मत कर उसमें बैठक कुएं में उतरे एवं शव को कुएं से बाहर निकालकर लाए।



शव को कुएं से निकालने के लिए क्रेन पर एक ट्रॉली लगाकर कुछ युवक कुएं में उतरे।

## सर्वसमाज की प्रतिभाओं का सम्मान

**श्रीमाधोपुर।** श्री सीताराम बाबा बावड़ी आश्रम पर बोर्ड परीक्षा में 90 से अधिक अंक प्राप्त करने वाली सर्व समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह का आयोजन बावड़ी आश्रम महंत ओमकारदास महाराज के सानिध्य तथा समाजसेवी डॉ.माधव सिंह के मुख्य अतिथि भामाशाह महावीर यादव, सोहनी यादव की उपस्थिति में आयोजित हुआ। सम्मान समारोह का संचालन करते हुए दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि समारोह के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में 90 से अधिक अंक प्राप्त करने वाली कल 65 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जिनमें कक्षा 10 वीं 12 की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मंचासीन अतिथियों ने प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो सहित अन्य पारितोषिक देकर सम्मानित किया। मंचासीन अतिथियों ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाली प्रतिभाओं का इस तरह के सम्मान समारोह से उनका उत्साह वर्धन बढ़ने के साथ उनके जूनियर छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने और मेहनत करने का एक संदेश मिलता है। समय-समय पर ऐसे सामान समारोह आयोजित कर प्रतिभाओं का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान एसीबीईओ विनोद शर्मा, श्री श्यामजी मंगलीहारा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, छात्र-छात्राओं तथा उनके परिजन मौजूद रहें।

# 'मधुमक्खी पालन उत्कृष्ट केंद्र को टोंक से नहीं जाने देंगे'

## 'टोंक जिले से मधुमक्खी पालन उत्कृष्ट केंद्र को भरतपुर ले जाने की मुख्यमंत्री भजनलाल की मंशा को हम पूर्ण नहीं होने देंगे'

**टोंक।** जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की बैठक जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रूप से जिला संगठन प्रभारी विधायक प्रशांत शर्मा, प्रभारी सचिव नरेश चौधरी, बृजलाल मीणा प्रदेश उपाध्यक्ष, रामविलास चौधरी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन पर चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों ने अपने विचार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक प्रशांत शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आपकी मेहनत से लोकसभा की सीट कांग्रेस जीत गई, आगे उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की कथनी और करनी में बडा अंतर है, पिछले 6 महीने में कोई विकास कार्य नहीं हो पाया है, टोंक से मधुमक्खी पालन को भरतपुर ले जाने से वर्तमान राज्य सरकार और भाजपा के लोगों की मानसिकता का पता चलता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को आने वाले समय में और चुस्त और




जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की बैठक जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

दुरुस्त किया जाएगा, जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में जिले में कांग्रेस संगठन खड़ा हो जाएगा, भाजपा की वर्तमान राज्य सरकार और केंद्र सरकार सिर्फ लोगों को गुमराह करने का कार्य कर रही है, कांग्रेस की नीतियां देश को जोड़ने वाली रही है। उन्होंने आगे कहा कि टोंक जिले से मधुमक्खी पालन उत्कृष्ट केंद्र को भरतपुर ले जाने की मुख्यमंत्री भजनलाल की मंशा को हम पूर्ण नहीं होने देंगे और कांग्रेस कार्यकर्ता इसके लिए सड़क पर संघर्ष करेगा, यह जिले के साथ बहुत बड़ी नाइंसाफी है।

## कलेक्टर ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई

**कोटपूतली।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाभियान का रविवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल व कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल द्वारा राजकीय सरदार जनाना अस्पताल कोटपूतली के आदर्श बूथ पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान हेतु 1461 बूथ बनाये गये है। जिन पर कुल 150401 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं सुपरविजन के लिए 171 सुपरवाईजर लगाये गये है। इस मौके पर विधायक पटेल व जिला कलक्टर ने पल्स पोलियो अभियान की व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने आमजन से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की। इस मौके पर अतिथियों द्वारा राजकीय सरदार जनाना अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, आरसीएचओ डॉ. अरविंद अग्रवाल, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रमोद सिंह भदौरिया व डॉ. जयभगवान यादव, बीसीएमओ डॉ. पूरणचंद गुर्जर, डीएनओ रविकांत जांगिड़, डॉ. दिलीप पंवार, बीपीएम विजय तिवाड़ी, पार्षद मनोज गौड़ समेत अन्य मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ



**अलवर ।** जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने आज राजकीय गीतानंद शिशु चिकित्सालय में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया।जिला कलक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाए जाने हेतु यह अभियान जिलेभर में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पोलियो की बीमारी से बचाने हेतु अभिभावक जागरूक रहकर अपने बच्चों को पोलियों की दवा अवश्य पिलाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत जिले के आज बूथों पर 0-5 साल तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक पिलाई गई। उन्होंने बताया कि जिले के 0 से 5 वर्ष तक के लक्षित 2,93,070 बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए जिले में 1820 बूथ बनाए गए हैं तथा 44 मोबाइल टीम एवं 43 ट्रांजिट टीमों के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता हेतु शिक्षा विभाग, आयुर्वेद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि विभागों का सहयोग लिया गया है । इस दौरान पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा सहित संबंधित अधिकारी, चिकित्सक एवं कार्मिक मौजूद रहे।

### जल सेवा करने वालों का अभिनंदन

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर रेलवे स्टेशन पर पिछले दो महीने से रेल मुसाफिरों की स्वैच्छिक जल सेवा करने वालों का पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने अभिनंदन कर जल सेवा कार्यक्रम का समापन किया। समापन से पहले सभी ने रेल यात्रियों को जल व शरबत पिलाया। सेवादारों में प्रमुख रूप से दैनिक रेल रेल यात्री संघ के सदस्यों, सिंधी समाज के लोगों की प्रमुख भूमिका रही। सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया। इस मौके पर नागरिक विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल गट्टानी, पार्षद पति सत्यनारायण शर्मा, राजेश पारीक, गोपाल टांक, फुलेरा दैनिक रेल यात्री महासंघ के अध्यक्ष विष्णु कयाल, सांभर दैनिक रेल यात्री महासंघ अध्यक्ष मनीष कुमावत, उपाध्यक्ष भागचंद कनोजिया, सचिव नितेन्द्र वैष्णव,अर्पित टांक अख्तर काजी, राजेश प्रजापत, रामेश्वरी कुमावत, सोनाली पाराशर, भामाशाह राजेश परचानी, देवकी कुमावत, सुनीता शर्मा वर्धमान काला की भी मौजूदगी रही।

### कसाना पुनः प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

**कोटपूतली।** श्री देवनारायण जनकल्याण संस्थान राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी व पदाधिकारियों की आम सभा बैठक रविवार को श्री देवका हरमाड़ा, लखेर स्थित भगवान श्री देवनारायण के मंदिर में संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष शंकर लाल कसाना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुये शंकर लाल कसाना को पुनः संस्थान का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही हरिनारायण मणकश को महामंत्री व सुरेश चाड़ को पुनः कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सुपुर्द की गई। सभी पदाधिकारियों ने भगवान श्री देवनारायण के चरणों में प्रणाम करते हुये निरन्तर समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान संरक्षक मोहन लाल बागड़ी, लीलाराम पीटीआई, सरपंच लीलाराम कसाना, किसान नेता रोहिताश कसाना, एड. राजेन्द्र रहीसा, रोशन हवलदार, मनोहर कसाना, झाबरमल मुनीम, राजाराम सरपंच, प्रभु सरपंच लखेर समेत अन्य मौजूद थे।

## थड़ी में घुसा तेज रफ्तार ट्रेलर, बाल-बाल बचे लोग

**मनोहरपुर।** थाना क्षेत्र के दौसा मोड के पास शुक्रवार देर रात्रि को शाहपुरा से जयपुर की ओर जा रहा एक ट्रेलर संतुलन खोकर थड़ी में घुस गया। वही थड़ी के पास बैठे लोग ट्रेलर को आता देख भाग छूटे। जिससे बड़ा हादसा होते होते टला।

जानकारी के अनुसार एक ट्रेलर शाहपुरा से मनोहरपुर की ओर जा रहा था।इसी दौरान दोसा मोड़ के पास संतुलन खोकर एक थड़ी में घुस गया। इस दौरान थड़ी पर बैठे लोग ट्रेलर को आता हुआ देखकर भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित व्यक्ति जोधराम यादव ने बताया की वह अपनी थडी पर बैठा हुआ था की अचानक ट्रेलर तेज रफ्तार में उसकी थडी के पास आता दिखाई दिया। जिससे वह अपनी जान बचाने के लिए वहा से कूद कर भाग गया ओर ट्रेलर थड़ी में घुस गया। जिससे थड़ी के परखच्चे उड गए।पीडित ने बताया की उसका भारी नुकसान हुआ है। उसने बताया की थड़ी में रखा सामान, बैटरी स्कूटी जो ट्रेलर के नीचे दबने से चकनाचूर हो गई। कई लोगों ने एनएचएआई को दोषी ठहराते हुए बताया कि सडक निर्माण के कारण मार्ग की एक लाइन को बंद कर रखा है और सर्विस रोड से कट निकलकर वाहनों को डायरवार्ड किया जा रहा है । पर उस कट पर कोई लाईट नहीं होने से अंधेरा पसरा पड़ा हुआ है।जिससे कई वाहन भी इस मोड़ से चौंक जाते है।जिससे उनके समय पर ब्रेक नही लग पाते हैं । हादसे को देखकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पाकर मौके पर थाना पुलिस के एएसआई सतवीर मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और वह जमा लोगो की भीड़ को हटाया चालक को थाने लाया गया।

## बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**मालपुरा** (निस) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश को पोलियों मुक्त करने के लक्ष्य के तहत चलाये गये अभियान के तहत रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के 22360 बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई गई। शहर के गांधी पार्क पुराने अस्पताल के सीटी डिस्पेशनरी पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष रवि कुमार जैन व रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन सीटी अध्यक्ष डॉ. अंकित जैन ने बच्चे को दो बूंद पोलियो की खुराक पिला तीन दिवसीय अभियान का शुभारम्भ किया। खण्ड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव चौधरी ने बताया कि मालपुरा ब्लॉक मे पोलियो अभियान के तहत 220 पोलियो बुथ बनाये गये। बुथ पर चिकित्साकर्मियो द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के कुल 37201 बच्चों की संख्या के लक्ष्य को लेकर चलते हुये 22360 बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

# दौसा के 1 लाख 54 हजार 692 किसान लाभांवित

**दौसा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को टोंक से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ पर योजनान्तर्गत राज्य के पात्र किसानों को बढी हुई राशि दो हजार रुपए की प्रथम किश्त एक हजार रुपए का हस्तांतरण एवं लाभार्थी किसानों से संवाद किया।

कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से प्रसारण जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर तक किया गया। जिला स्तरीय मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुभारंभ अवसर पर बढी हुई राशि की प्रथम किश्त हस्तांतरण एवं लाभार्थी किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन वीसी के माध्यम से रविवार को गायत्री पैलेस सोमनाथ चौराहा दौसा में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्री एवं उद्योग एवं



सी.एम. ने रविवार को टोंक से दौसा के किसानों को लाभांवित किया।

वाणिज्य विभाग, सूचना, प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, युवा मामले और खेल विभाग, कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग तथा सैनिक कल्याण विभाग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रभारी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौडए जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार एवं लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# गांव भांकरी में सी.एम.आभार सभा आज

**पावटा।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर विराट नगर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम भांकरी आ रहे हैं। यहां सीएम ईआरसीपी योजना में कोटपूतली-विराटनगर क्षेत्र के तीन बडे बांधों छितोली, जवानपुरा धाबाई एवं बुचारा बांध को जोडने पर प्रदेश के सीएम भजनलाल शर्मा का अभिनंदन एवं धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

ऐसे में मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिले भर के भाजपा कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गए हैं। वहीं सोमवार को विधायक कुलदीप धनकड के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। साथ ही दावा किया गया कि सीएम की सभा में 40 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। विधायक कुलदीप धनकड ने बताया कि



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को विराट नगर विधान सभा क्षेत्र के गांव भांकरी में सभा को सम्बोधित करेंगे।

मुयमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को सुबह 11.50 बजे ग्राम भांकरी हेलीपेड पहुंचेंगे। वही 11.55 पर ग्राम भांकरी हेलीपेड से रवाना होंगे। इसके बाद 12 बजे ग्राम भांकरी धनकड कृषि फार्म मे ईआरसीपी अभिनंदन एवं धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसको लेकर रविवार को कार्यकर्ताओं की बैठक भी हुई, जिसमें अधिक से अधिक भीड जुटाने का आव्हान किया गया। उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ईआरसीपी योजना को मंजूरी मिली है। ऐसे में इसके लिए आभार सभा रखी गई है। इस आभार सभा में जिले भर से कार्यकर्ताओं शामिल होंगे। सभा को सफल बनाने के लिए एक-एक कार्यकर्ता से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। करीब 40 हजार लोग इस सभा में सीएम को सुनने के लिए पहुंचेंगे। वहीं सभा को लेकर ग्राम भांकरी धनकड कृषि फार्म पर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को जिमेदारियां दी गई है।

## सेवानिवृत्ति समारोह यादगार बना

**राजगढ़ ।** कस्बे में मांडा छात्रावास आश्रम में तीन दशक से अधिक समय से कार्यरत रही अधीक्षिका सरोज शर्मा की सेवानिवृत्ति पर छात्राओं ने रविवार को रोचक नृत्य कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस दौरान राजकीय सेवा के कार्यकाल को पूर्ण करने वाली सरोज शर्मा ने कहा कि राजगढ़ क्षेत्र के लोगों एवं छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं का मिला सहयोग उनकी सफलता का प्रमुख राज रहा है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व मांडा छात्रावास आश्रम से सरोज शर्मा का बैंड बाजे के साथ प्रमुख मार्गो में लोगों ने स्वागत किया। छात्रावास की बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक रोचक प्रस्तुतियां से कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की।

# परम्परागत मार्ग से ही कावड़ यात्रा निकाले जाने को लेकर मंत्री से वार्ता

**मालपुरा** (निस) शिव कावड यात्रा समिति मालपुरा के पदाधिकारियो व सदस्यो के एक प्रतिनिधि मंडल ने केबिनेट मंत्री एवं क्षैत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी से शिष्टाचार भेंट कर इस बार बिसलपुर से कावड लेकर मालपुरा आने वाली कावड यात्रा को परम्परागत मार्ग से ही निकाले जाने व मालपुरा शहर मे प्रवेश की मांग एवं भावना से अवगत करवा मंत्री को ज्ञापन सौंपा। कावडियो द्वारा सौंपे गये ज्ञापन मे अवगत करवाया कि बीते चार वर्ष से कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के चलते मालपुरा मे कावड यात्रा का भव्य आयोजन बंद पडा है। मालपुरा ही नही सम्पूर्ण राजस्थान मे कई जगह निकलने वाली कावड यात्रा व धार्मिक यात्राओं के आयोजन मे कांग्रेस सरकार ने बाधा उत्पन्न कर धार्मिक भावानाओं से खिलवाड करते हुये जुलुस व यात्राओं के मार्ग बदल दिये। मालपुरा मे बिसलपुर से पवित्र जल लेकर आने वाली कावड यात्रा दूदू छाण स्टेट हाईवे से होकर मालपुरा मे प्रवेश करती थी। लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों अपने वोट बैंक को साधने के लिये सरकार के ईशारे पर मालपुरा मे कावड यात्रा सहित अन्य जुलुस व यात्राओं के मार्ग बदल परम्परागत मार्गो पर रोक लगा दी गई है। जबकि स्टेट हाईवे से गुजरने का अधिकार हर एक आम नागरिक का अधिकार है। स्टेट हाईवे से गुजरने वाली यात्राओं का मार्ग बदलना व रोक लगाना न्याय संगत नही होने के बावजूद सरकार व अधिकारियो ने स्टेट हाईवे से कावड यात्रा के गुजरने पर रोक लगा दी गई। तथा कावड यात्रा का नया रास्ता परिवर्तित कर दिया। रास्ते के विवाद को लेकर कावडियो सहित हिन्दु समाज की और से कई बार अपनी आपत्ति दर्ज करवा नवीन मार्ग अस्वीकार कर परम्परागत मार्ग से ही जुलुस व यात्रा निकाले जाने की मांग की गई। शिव कावड यात्रा समिति के संयोजक धर्मेश सहित प्रतिनिधि मंडल को केबिनेट मंत्री ने विश्वास दिलाया की कावड यात्रा आयोजन को लेकर वो हर सम्भव मदद किये जाने सहित आवश्यकता पडने पर तत्काल स्वंय मौके पर उपस्थित होने का पूरा विश्वास दिलाया।

## सोशल मीडिया पर वर्तमान व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष आमने सामने

**सिकंदरा ।** लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद से पार्टी में गुटबाजी देखने को मिल रही है भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ने दौसा में बीजेपी की हार का ठीकरा मौजूदा जिला अध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा और जिला कार्यकारिणी को ठहराया है साथ ही पूर्व जिला अध्यक्ष ने मौजूदा जिला कार्यकारिणी को भंग करने की मांग की है जिले में लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच आपसी गुटबाजी देखने को मिली ऐसे में आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी कार्यकर्ताओं की ये गुटबाजी पार्टी के लिए नई मुसीबत खडी कर सकती है बता दें कि दौसा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीना कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीना से 2 लाख 37 हजार वोट के बडे अंतर से चुनाव हार गए थे ऐसे में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ने दौसा में बीजेपी की हार का ठीकरा मौजूदा जिला अध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा और जिला कार्यकारिणी को ठहराया है साथ ही पूर्व जिला अध्यक्ष ने मौजूदा जिला कार्यकारिणी को भंग करने और आगामी विधानसभा उपचुनाव में दौसा से गुर्जर, मीना और बैरवा समाज से प्रत्याशी बनाने की मांग की है । ऐसे में पूर्व जिला अध्यक्ष के इस आरोप के बाद अब दौसा बीजेपी में तकरार बढ सकती है जो पार्टी के लिए बडी परेशानी का कारण बन सकता है। हालांकि इस मामले में जब दौसा बीजेपी जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रभुदयाल शर्मा से बात की तो उन्होंने इस मामले में चुप्पी साध ली।

सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं की टैग कर ये कहा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष और पार्टी के वरिष्ठ नेता अमर सिंह कसाना ने भाजपा जिला अध्यक्ष और कार्यकारिणी पर आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश भाजपा नेताओं को सोशल मीडिया पर टैग कर आरोप लगाया कि दौसा जिला भाजपा अध्यक्ष सहित पूरे संगठन को लोकसभा चुनाव में बीजेपी की हार को देखते हुए नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए इनको पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है अगर इन्होंने समय रहते हुए इस्तीफा नहीं दिया तो आने वाले विधानसभा चुनाव दौसा की सीट पर बीजेपी को भारी नुकसान होगा ।

उपचुनाव में दौसा से बैरवा, मीना और गुर्जर को दें टिकट : उन्होंने आगे कहा कि मैं प्रदेश नेतृत्व और राष्ट्रीय नेतृत्व से आग्रह करना चाहता हूं कि भाजपा की दौसा में स्थिति बहुत खराब है इसलिए संगठन पर विशेष ध्यान दें, और दौसा सीट पर बैरवा, गुर्जर ,मीना को भाजपा ने टिकट दिया तो भाजपा की जीत होगी। अन्यथा जातीय समीकरणों के आधार पर भाजपा की हार लगभग तय है। मै पुनः प्रदेश नेतृत्व को अवगत करा देता हूं कि यदि भाजपा दौसा जिलाध्यक्ष और सभी जिला संगठन पदाधिकारियों ने इस्तीफा नहीं दिया तो भाजपा को आगामी समय में भारी नुकसान होगा।

## मूक बधिर बच्चों को बांटे उपहार

**अलवर।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से प्रभा दिव्यांग विद्यालय में ऐसे बच्चों को उपहार वितरित किए जो बोल ओर

> ■ संस्था के सदस्यों के हाथों जब उन्हें स्नेह मिला तो बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी

सुन नहीं सकते है । संस्था के सदस्यों के हाथों जब उन्हें स्नेह मिला तो बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी यहां तक की बच्चे संस्था की महिलाओं के सीने से खुशी में लिपट गए। विद्यालय के नए शिक्षण सत्र के उद्घाटन अवसर पर नेक कमाई फाउंडेशन के संरक्षक दौलत राम हजरती, मंजू चौधरी अठावाल, मीना तनेजा, सुशील बंसल, सहायक कुल सचिव डा. आशुतोष शर्मा तथा समाजसेवी परमजीत सिंह गोगिया , कर्मचारी नेता राजेन्द्र पाल शर्मा, शिवानी शर्मा और सोनिका अरोड़ा ने बच्चों को उपहार वितरित किए। संचालन गुरप्रीत सिंह पवित्र ने किया। अतिथियों का स्वागत राजेश व्यास, प्रेम शंकर मिश्रा, शिल्पा सैनी, रजन शर्मा और टीना शर्मा ने किया। इन बालकों को डॉ. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से शिक्षण सामग्री, खिलौने सहित उपहार दिए गए। कार्यक्रम में तारेश जोरवाल ने ऐसे बच्चों के उत्साहवर्धन की बात कही। मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने आभार जताया।

# किसानों के खातों में 25 करोड़ 46 लाख 94 हजार रूपये की राशि हस्तांतरित

**अलवर ।** अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में आज जिला स्तरीय किसान सम्मान निधि की प्रथम किस्त का हस्तान्तरण एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअली 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' का शुभारम्भ कर प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 653 करोड़ से अधिक रूपये अधिक की राशि एवं अलवर जिले (अविभाजित) के 2 लाख 54 हजार 694 किसानों के खातों में प्रथम किस्त की 25 करोड 46 लाख 94 हजार रूपये की राशि का हस्तान्तरण डीबीटी के माध्यम से बटन दबाकर किया एवं लाभार्थियों से संवाद' किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए फार्म पौण्ड निर्माण हेतु लॉटरी के माध्यम से किसानों का चयन किया गया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के किसानों के उन्नयन एवं विकास हेतु पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा देश के किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु पीएम किसान



अलवर में आज जिला स्तरीय किसान सम्मान निधि कार्यक्रम को आयोजन हुआ।

सम्मान योजना संचालित है जिसके तहत किसानों को वार्षिक 6 हजार रूपये की राशि उनके खातों में सीधे ही प्रधानमंत्राी श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्नदाता किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने व संबल प्रदान प्रदान करने हेतु पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत किसानों को देय वित्तीय सहायता को प्रति परिवार 6 हजार रूपये से बढाकर 8 हजार रूपये वार्षिक करने हेतु मुख्यमंत्री किसान सम्मान योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार की पहली प्राथमिकता प्रदेश के किसानों के सर्वांगीण विकास है। उन्होंने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ मानी जाती है जिसको अधिक उन्नत बनाने के लिए किसानों को आधुनिक व तकनीकी कृषि की जानकारी कराने का काम किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की मांग को सर्वोपरि रखते हुए राज्य सरकार द्वारा पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी योजना व शेखावटी क्षेत्रा के लिए यमुना का पानी लाने की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया है जिसे शीघ्र ही अमलीजामा पहनाया जाएगा।

## मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरु

**कोटपूतली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में रविवार को "मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" का राज्य स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम कृषि उपज मण्डी प्रांगण टोंक में आयोजित किया गया। उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ प्रदेश के समस्त जिलों में भी जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ कोटपूतली में भी राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में "मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 65 लाख किसानों के बैंक खातों में "मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" की प्रथम किस्त की लगभग 650 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की तथा लाभार्थियों से वर्चुअली संवाद भी किया। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा किसान उत्थान की दिशा में "मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" के अन्तर्गत राज्य के पात्र किसानों को प्रति वर्ष 2000 रुपए की राशि तीन किस्तों में दिए जाने की घोषणा की गई है। जिसके तहत "मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" की प्रथम किस्त एक-एक हजार रुपए की राशि का हस्तांतरण मुख्यमंत्री द्वारा पात्र किसानों के बैंक खातों में किया गया। शेष राशि 500-500 रुपए की दो किस्तों में किसानों को दी जाएगी।



*तीसरी बार लोकसभा सांसद चुने जाने और फिर से मोदी सरकार में केन्द्रीय मंत्री बनाये जाने के बाद रविवार को पहली बार जोधपुर आगमन पर गजेन्द्र सिंह शेखावत का कार्यकर्ताओं एवं लोगों ने जोरदार स्वागत किया। उनके स्वागत में जोधपुर के मुख्य बाजारों एवं सड़कों पर जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किये। शेखावत सुबह नौ बजे ही ट्रेन से जोधपर रेलवे स्टेशन पहुँच गये थे, लेकिन उनके स्वागत कार्यक्रमों का सिलसिला इतना लम्बा चला कि, उन्हें घर पहुँचने में तीन बज गये। शेखावत का अभिनदंन करने आये कार्यकर्ताओं में भारी जोश और उत्साह दिखाई दिया तथा पूरे जोधपुर में उनके स्वागत में लोगों का भी भारी हुजूम उमड़ पड़ा।*

# जोधपुर पहुंचे शेखावत का बहुत जोरशोर से अभूतपूर्व स्वागत हुआ

## पूरे रास्ते भर स्वागत हुआ, कार्यकर्ताओं एवं लोगों का जबरदस्त हुजूम उमड़ पड़ा इस कारण रेलवे स्टेशन से निवास स्थान तक पहुंचने में शेखावत को 6 घंटे लगे

- **पुरी तिराहा, सोजती गेट नई सड़क चौराहा सहित कई स्थानों पर तोरण द्वार सजाए गए।**
- **जोधपुर के बाल निकेतन स्कूल परिसर में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत के स्वागत एवं अभिनदंन के लिए बड़े मंच पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

जोधपुर, 30 जून (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नवगठित कैबिनेट में शामिल होने के बाद जोधपुर के नव निर्वाचित सांसद केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत रविवार सुबह दिल्ली से रेलमार्ग से जोधपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने बेहद उत्साह के साथ जोरदार स्वागत किया।

जोधपुर लोकसभा सीट से जीत की हैट्रिक के बाद प्रथम बार जोधपुर आगमन पर ऑगजेंद्र सिंह शेखावत के स्वागत अभिनदंन में लोगों ने पलक पांवड़े बिछा दिए। रेलवे स्टेशन से स्टेशन रोड, पुरी तिराहा, सोजती गेट, नई सड़क चौराहा, मोहनपुरा पुलिया, रातानाडा ओल्ड कैम्पस रोड, पुलिस लाइन मार्ग और निवास स्थान अजीत कॉलोनी तक पूरे मार्ग में शेखावत के स्वागत में लोगों, भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन का हुजूम उमड़ा। जोधपुर शहर, जोधपुर ग्रामीण क्षेत्र लूणी, पोकरण, जैसलमेर, शेरगढ़ , लोहावट, फलोदी, पाली, जयपुर सहित राजस्थान के अनेक जिलों से लोग केन्द्रीय मंत्री का स्वागत सत्कार करने जोधपुर पहुंचे।

निवास के समीप विशाल डॉम में हुई अभिनदंन सभा में भी शेखावत का जोरदार स्वागत किया गया। सुबह 9 बजे से आरंभ हुआ स्वागत का क्रम दोपहर तीन बजे बाद तक चलता रहा। जोधपुर संभाग के विधायक, राजस्थान सरकार के मंत्री, पार्षद और जनप्रतिनिधि शेखावत को बधाई देने पहुंचे। शेखावत के निवास पर उत्सव का माहौल रहा।

उनके स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह नजर आया और सुबह आठ बजे से ही लोगों का रेलवे स्टेशन पहुंचने का क्रम आरंभ हो गया। ट्रेन से बाहर आते ही गज्जू बन्ना जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद के नारे लगने लगे। समर्थकों ने उनको कंधों पर उठा लिया। स्टेशन पर स्वागत में ऐसा हुजूम उमड़ा की उनको रेलवे स्टेशन से बाहर आने में ही एक घंटे से अधिक समय लग गया।

शेखावत की आगवानी भाजपा के शहर जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा, देहात उत्तर के अध्यक्ष मनोहर पालीवाल, देहात दक्षिण के अध्यक्ष जगराम विश्नोई, महापौर वनिता सेठ, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी, जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली, शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी सहित कईविधायकों एवं राजनेताओं ने की।

रेलवे स्टेशन से बाहर आने के बाद शेखावत खुले वाहन में सवार हुए। स्टेशन से लेकर पूरे मार्ग में और निवास स्थान तक स्वागत में तोरण द्वार और चौराहे सजाए गए। पोस्टर बैनर भाजपा के झंडों से पूरे मार्ग को पाट दिया गया। उनका पग-पग पर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। खुले वाहन में सवार शेखावत का मार्ग में दुकानदारों व्यापारियों और गणमान्य लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत कर बधाई दी।

केन्द्रीय मंत्री का काफिला जोधपुर रेलवे स्टेशन, मुख्य डाकघर, पुरी तिराहा, सोजतीगेट, नई सड़क चौराहा, मोहनपुरा पुलिया, पुराना परिसर से पुलिस लाइन रोड होते हुए बाल निकेतन स्कूल परिसर में बनाए गए विशाल डॉम में आयोजित स्वागत सभा में पहुंचा।

**सामाजिक-व्यापारिक संगठनों ने किया स्वागत**

लघु उद्योग भारती, जोधपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, जोधपुर स्टेनलैस स्टील एसोसिएशन, जोधपुर हैण्डीक्राफ्ट एसोसिएशन, जोधपुर हैण्डीक्राफट फैडरेशन, ग्वारगम एसोसिएशन, होटल एण्ड रेस्टोरेन्ट एसोसिएशन, राजस्थान एडवोकेट एसोसिएशन, मारवाड़ राजपूत सभा, टूरिस्ट गाईड एसोसिएशन, टूर्स एण्ड ट्रेवल्स एसोसिएशन, कपड़ा व्यापार संघ, सब्जी मण्डी व्यापार संघ, जीरा मण्डी व्यापार संघ, मण्डोर मण्डी व्यापार संघ सहित अनेक सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों ने केन्द्रीय मंत्री का स्वागत किया।

**राजपूत समाज के सभी संगठन आए स्वागत करने**

मारवाड़ राजपूत सभा, बीजेएस एज्यूकेशनल सोसायटी, चौपासनी शिक्षा समिति, श्री हनवंत एज्यूकेशनल सोसायटी श्री हनवंत राजपूत हॉस्टल सहित राजपूत समाज के अनेक संगठनों की ओर से केन्द्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया गया।

**मंच पर स्वागत, सत्कार और अभिनंदन**

बाल निकेतन स्कूल परिसर में शेखावत का स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम बड़े मंच पर आयोजित किया गया। भव्य पण्डाल में सभी ने विशाल एईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी का मन की बात कार्यक्रम सामूहिक रूप से सुना। मोदीजी के मार्गदर्शन और पाथेय के बाद स्वागत कार्यक्रम आरंभ हुआ। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

# मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरु हुई

## योजना की पहली किस्त के तौर पर 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 653 करोड़ रुपये ट्रांसफर किये गये

- **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की तर्ज पर राजस्थान के किसानों के लिए प्रदेश सरकार ने शुरु की नई पहल।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टोंक कृषि उपज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में योजना शुरु करने की घोषणा की।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, प्रधानमंत्री ने दिया देश के किसानों को सम्मान एवं संबल प्रदेश के अन्नदाता को बनाएंगे समृद्ध**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, 20 हजार किसानों को फार्म पौंड की सौगात दी गई है तथा करीब 80 हजार किसानों को 350 करोड़ रुपये का अल्पकालीन फसली ऋण बांटे गये हैं।**

टोंक/जयपुर, 30 जून। प्रदेश के किसानों के लिए रविवार को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ के अवसर पर करीब 65 लाख किसानों के बैंक खातों में डायरैक्ट बैनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से एक क्लिक से 650 करोड़ रुपये की राशि किसानों के खातों में ट्रांसफर की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टोंक कृषि उपज मंडी में आयोजित एक कार्यक्रम में खुद इस योजना की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, देश के लिए अन्न उपजाने वाले किसानो को सशक्त बनाना हमारी डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि, इस योजना के तहत प्रदेश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 6 हजार रुपये की राशि के साथ ही, 2 हजार रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। इसी क्रम में आज राज्य सरकार की ओर से एक हजार रुपये की पहली किस्त के तौर पर 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 653 करोड़ रुपये सीधे जमा किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, मैं भी किसान का बेटा हूं। उनकी परेशानियों से मैं भली-भांति अवगत हूं। इसलिए हमारी सरकार किसान हितों की रक्षा में सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि राज्य में गेहूं के 2275 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के ऊपर 125 रुपये का बोनस प्रदान कर 2400 रुपये प्रति क्विंटल पर गेहूं खरीद की गई है। प्रदेश में 10 हजार सौर ऊर्जा संयंत्रों, 41 हजार हैक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रिप और मिनी स्प्रिंकलर तथा 44 हजार हैक्टेयर क्षेत्रफल में स्प्रिंकलर संयंत्रों की स्थापना की गई है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य के 47 हजार किसानों को कृषि कनेक्शन जारी किए गए हैं। किसानों को बिजली के बिलों में 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है। किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने तथा प्रदेश को बिजली सरप्लस राज्य बनाने के लिए 2.24 लाख करोड़ के एमओयू किए गए हैं। प्रदेश के 80 हजार से अधिक किसानों को 350 करोड़ रूपये का अल्पकालीन फसली ऋण मिला है तथा 21 कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना की जा रही है।

शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ प्रदेश के किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग 1 हजार 400 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम का वितरण किया गया तथा 9 हजार पीएम किसान समृद्धि केंद्र स्थापित किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रदेश के 21 जिलों में पानी की समस्या दूर करने के लिए ईआरसीपी को संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना में शामिल कर भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश के साथ एमओयू हुआ है। मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.0 के तहत आगामी 4 वर्षों में 5 लाख जल संग्रहण ढ ांचे बनाए जाएंगे तथा 20 हजार फार्म पौण्ड स्थापित कर वर्षा का जल संग्र0हित किया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि चीनी और गुड़ पर मंडी शुल्क को समाप्त कर दिया गया है। केंद्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ब्याजमुक्त फसली ऋण उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 100 नई पैक्स का गठन किया गया है। पशुपालकों के लिए त्वरित पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु मोबाइल वेटेनरी सेवा प्रारंभ की गई है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज सहकार व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत पात्र महिलाओं को 10-10 लाख रुपये की सहायता राशि के चैक सौंपे। इस दौरान उन्होंने कृषि उपज मंडी प्रांगण में पीपल लगाकर वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी वैभव गालरिया, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

शर्मा ने कहा कि किसान भाइयों को सम्मान और संबल देने की प्रेरणा हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली है। उन्होंने प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ लेते ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। इस योजना के माध्यम से हर वर्ष किसानों के खातों में 6 हजार रुपये जमा करवाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के लाभार्थी किसानों से संवाद किया। डूंगरपुर के किसान शंकर लाल ने कहा कि पहले पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 6 हजार रुपये मिलते थे। अब मुख्यमंत्री किसान सम्मन निधि के रूप में 8 हजार रुपये मिलेंगे।

बारां निवासी किसान नन्द लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त मिलने से उन्हें आर्थिक मदद मिली है। भरतपुर के किसान राकेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि में बढोतरी से उन्हें बहुत खुशी हो रही है।

## नीट यू.जी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

परीक्षा को रिशेड्यूल करने की तैयारी में है। इसे लेकर नई तारीखों की घोषणा सोमवार या मंगलवार को हो सकती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एन.बी.ई. अगले दो दिन के भीतर नीट-पी.जी. के लिए नई तारीख का ऐलान करेगा। दरअसल, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद काफी बढ्ढा हुआ है। एहतियाती कदम उठाते हुए पिछले सप्ताह रद्द की गई परीक्षाओं में नीट-पी.जी. की परीक्षा भी शामिल है।

इस बीच, नैशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यू.जी. पेपर लीक विवाद के चलते स्थगित परीक्षाओं की नई तारीखें जारी कर दी हैं। ज्वॉइंट सी.एस.आई.आर. नेट की परीक्षा अब 25 से 27 जुलाई तक आयोजित की जाएगी।

## यू.जी.सी. नेट की परीक्षा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आयोजित की जाएगी। एनटीए अब तक सीबीटी मोड में असिस्टेंट प्रोफेसरशिप, जूनियर रिसर्च फेलोशिप और पीएचडी प्रवेश के लिए यूजीसी नेट आयोजित कर रहा था।

अब राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने यूजीसी नेट को पूर्व की भांति ऑनलाइन कराने का निर्णय लिया है। परीक्षा तिथि घोषित होने और परीक्षा ऑनलाइन कराए जाने की घोषणा का अभ्यर्थियों ने स्वागत किया है। यूजीसी नेट की तैयारी करने और 18 जून को परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा रद्द होने का बड़ा झटका लगा था। एक तो परीक्षा केन्द्र काफी दूर तक बना दिए गए थे और परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों को अव्यवस्थाएं भी देखने को मिली थीं। कई अभ्यर्थियों की परीक्षा छूट गई थी। अभ्यर्थियों ने परीक्षा केन्द्र पर हंगामा भी किया था। एनटीए ने शुक्रवार देर रात परीक्षा की तिथियां घोषित कीं। यूजीसी नेट की परीक्षा 21 अगस्त से चार सितम्बर के मध्य करायी जाएंगी।

वहीं सी.एस.आई.आर. नेट की परीक्षा 25 जुलाई से 27 जुलाई तक, एन.सी.ई.टी. 2024 परीक्षा 10 जुलाई को ऑनलाइन माध्यम से कराने की घोषणा की गई है। यूजीसी नेट की 18 जून को परीक्षा 83 विषयों में हुई थी। दो पाली में देश के 317 शहरों में हुई परीक्षा हुई थी। जिसमें 11.21 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था और 81 फीसदी अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। गौरतलब है कि, सी.एस.आई.आर. नेट की परीक्षा 25 से 27 जून तक होनी थी। जो कि 21 जून को स्थगित कर दी गई थी।

## 'हमे 100 में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जिक्र नहीं किया। हालांकि, ऐसी जानकारी है कि शाह ने बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और राज्य के पार्टी नेताओं के साथ बैठक में कहा कि पार्टी तीन लोकसभा सीटों-अंबाला, सोनीपत और हिसार में बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी, जहां पार्टी कांग्रेस से हार गई। जैसा कि विदित है कि, बीते दस सालों में पहली बार एन.डी.ए. नीत भाजपा सरकार के खिलाफ इतना मजबूत नज़र आ रहा है। इस बार संसद में बड़ी संख्या में अपनी मौजूदगी का एहसास कराने के लिए विपक्ष केन्द्र सरकार पर लगातार तीखे हमले कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कई मौकों पर यह दावा कर चुके हैं कि, लोकसभा चुनाव परिणामों ने यह दर्शा दिया है कि, प्रधानमंत्री मोदी में देश की जनता का विश्वास बहुत ही कम हो गया है।

# विपक्ष ने संसद से कोविड प्रोटोकॉल हटाने की मांग की

- **कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि, कोविड प्रोटोकॉल की वजह से प्रतिष्ठित पत्रकारों को संसद की पहुँच से दूर कर दिया गया है।**
- **कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने पोस्ट में कहा, ''संसद की कार्यवाही की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों पर कोविड पाबंदियां हटाने के लिए माननीय लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है।**

नई दिल्ली, 30 जून। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने रविवार को कहा कि उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर उनसे संसद की कार्यवाही की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों पर कोविड पाबंदियां हटाने का अनुरोध किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बिड़ला को 27 जून को लिखे अपने पत्र की एक प्रति साझा की।

टैगोर ने पोस्ट में कहा, ''संसद की कार्यवाही की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों पर कोविड पाबंदियां हटाने के लिए माननीय लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा। प्रतिष्ठित पत्रकारों को पाबंदियों के नाम पर रोका जा रहा है। मीडिया की पहुंच बहाल करने और उन्हें उनका उचित स्थान देने का वक्त आ गया है।''बिरला को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा कि एक दशक से अधिक समय से संसद की कार्यवाही की रिपोर्टिंग कर रहे कई पत्रकार कोविड-19 संबंधी प्रोटोकॉल के नाम पर पाबंदियों का सामना कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद ने पत्र में कहा, ''उन्हें संसद तक पहुंचने से रोकने से न केवल उनके पेशेवर कर्तव्यों में बाधा आती है, बल्कि जनता तक सटीक जानकारी पहुंचाने में भी समस्या होती है। हमारे देश के लोकतांत्रिक लोकाचार को संरक्षित करने के लिए यह जरूरी है कि सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को बिना किसी बाधा के कार्यवाही को कवर करने की अनुमति दी जाये।'' टैगोर ने कहा, ''मैं आपसे मौजूदा पाबंदियों पर पुनर्विचार करने और सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को संसद की कार्यवाही कवर करने देने का अनुरोध करता हूं।

# आम चुनाव से पहले विभिन्न मंदिरों में पूजा-पाठ में जुटे प्र.मंत्री ऋषि सुनक

लंदन, 30 जून। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने देश में 4 जुलाई को होने वाले चुनाव से 4 दिन पहले लंदन के नेसदेन मंदिर पहुंचकर पूजा की। शनिवार को जैसे ही सुनक का काफिला मंदिर परिसर में पहुंचा, भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने मंदिर का दौरा किया और वहां मौजूद लोगों से बातचीत भी की। सुनक ने नेसदेन मंदिर में लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की जीत के साथ की। सुनक ने कहा कि, आज आप क्रिकेट मैच के नतीजों से तो खुश होंगे। इस पर भीड़ ने तालियां बजाईं।

सुनक ने कहा, ''मैं भी आपकी तरह एक हिंदू हूं। अपने विश्वास और आस्था से ही मुझे ताकत मिलती है।

# चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर 15 हजार कि.मी. का रोड नैटवर्क तैयार करेगी केन्द्र सरकार

- **रणनीतिक रूप से अति महत्वपूर्ण इस नैटवर्क में सरकार 3600 किमी सड़क का निर्माण करा चुकी है, जबकि 6700 किमी सड़क निर्माणाधीन है।**

नई दिल्ली, 30 जून। केंद्र की मोदी सरकार देश की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए 15,520 किलोमीटर बॉर्डर रोड नेटवर्क खड़ा कर रही है। रणनीतिक रूप से अति महत्वपूर्ण इस नैटवर्क में सरकार 3600 किमी सड़क का निर्माण करा चुकी है, जबकि 6700 किमी सड़क निर्माणाधीन है।

मोदी सरकार-3.0 के विजन-2047 के मास्टर प्लान फेज-1 व फेज-2 में 5220 किमी बॉर्डर रोड नेटवर्क (रणनीतिक व अंतरराष्ट्रीय) खड़ा करने का लक्ष्य रखा गया है। मास्टर प्लान के दस्तावेज के अनुसार फेज-1 में कुल 2379 किमी के दो लेन राष्ट्रीय राजमार्ग सिर्फ अरुणाचल प्रदेश में बनेंगे। जम्मू-कश्मीर में 166 किमी राजमार्ग का निर्माण होगा। वहीं, फेज-2 में सिक्किम (21 किमी), पश्चिम बंगाल (75 किमी), असम (144 किमी), बिहार (48 किमी), झारखंड (141 किमी) के साथ गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में राजमार्ग निर्माण किए जाएंगे। फेज-एक व दो को 2047 से पहले समाप्त किया जाएगा।

बॉर्डर रोड नेटवर्क खड़ा करने पर सरकार 75,000 से एक लाख करोड़ रुपये तक का निवेश करेगी। इसकी असल लागत डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार होने के पश्चात भी सामने आएगी।

चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश सहित अन्य देशों के साथ भारत 15,106 किमी की अंतराष्ट्रीय भूमि सीमा साझा करता है।

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत की सीमा के आसपास 18000 किमी लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग है। इसमें से 13,300 किमी राजमार्ग समानांतर हैं, जबकि 4700 किमी लंबवत। मास्टर प्लान में सीमा के लिए नए दो लेन राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने के लिए इन मार्गों का चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके अलावा सीमा के आसपास के मौजूदा राजमार्गों को जोड़ने वाले संपर्क राजमार्ग भी बनेंगे।

## जनरल उपेन्द्र ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सेवा विस्तार दिया गया था।

चालीस वर्षो से सेना में कार्यरत जनरल द्विवेदी एक कुशल सैन्य नेता हैं। वह सैनिक स्कूल, रीवा (मध्य प्रदेश) के पूर्व छात्र रहे हैं और उन्हें 1984 में जम्मू-कश्मीर राइफल्स रेजिमेंट में कमीशन दिया गया था। उन्हें उत्तरी, पूर्वी और पश्चिमी थिएटर कमानों में कार्य करने का अनूठा गौरव प्राप्त है।

जनरल द्विवेदी ने ऐसे समय में सेना की कमानी संभाली है जब वैश्विक भू-रणनीतिक माहौल निरंतर बदल रहा है , तकनीकी प्रगति और आधुनिक युद्ध के लगातार बदलते चरित्र के कारण सुरक्षा क्षेत्र में चुनौतियां अधिक स्पष्ट हो रही हैं। जनरल द्विवेदी को प्रभावी ढंग से योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने का भरपूर अनुभव है।

नये सेना प्रमुख को सुरक्षा क्षेत्र में आधुनिक और उभरती प्रौद्योगिकियों की गहरी समझ है, और संचालन प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को सैन्य प्रणालियों में उपयोग करने और एकीकृत करने का उनका विचारशील दृष्टिकोण है। यह दृष्टिकोण आत्मनिर्भरता के माध्यम से आधुनिकीकरण और क्षमता विकास की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में बढ़ रही भारतीय सेना के अनुरूप है।

भारतीय सेना के चेटवुड आदर्श वाक्य में दृढ़ विश्वास रखने वाले जनरल द्विवेदी विश्वास की संस्कृति को बढ़ावा देने, जूनियर अधिकारियों के सशक्तीकरण, सैनिकों की भलाई और वीर नारियों के कल्याण पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे।

इससे पहले जनरल पांडे ने सेवा निवृत होने से पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सेवा निवृत होने से पहले उन्हें सेना की टुकडी की ओर से सलामी गारद पेश की गयी।

## मेघालय: दूषित...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सिविल अस्पताल की चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी पिंसुक मारबानियांग ने बताया कि नामडोंग गांव में एक अंतिम संस्कार समारोह में भोजन के बाद 28 जून की शाम से मरीजों का अस्पताल में आना शुरू हो गया था। उन्होंने कहा कि शुरू में 10 लोग दस्त और उल्टी की शिकायत लेकर अस्पताल आए थे।

उन्हें तुरंत चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई। सुश्री मारबानियांग ने कहा कि अगली सुबह लोगों की संख्या में वृद्धि हुई और 40 या उससे अधिक मरीज अस्पताल में भर्ती हुए जिनमें कई महिलाएं और बच्चे शामिल थे जिनमें दस्त और उल्टी के समान लक्षण थे।

# बंगाल में महिला को तालिबानी सजा, सरेआम लाठियों से पीटा

## इस घटना का वीडियो वायरल हुआ, मारपीट करने वाला शख्स तृणमूल कांग्रेस नेता का करीबी बताया जा रहा है

- **विपक्षी दलों सीपीएम और बीजेपी की ओर से बताया गया कि यह वीडियो बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले का है।**
- **विपक्षी नेताओं के मुताबिक, हमलावर स्थानीय निवासी है जिसका नाम तजम्मुल है और उसके तृणमूल कांग्रेस से संबंध हैं। वह लोकल मसलों पर त्वरित न्याय के लिए जाना जाता है।**

कोलकाता, 30 जून। पश्चिम बंगाल में सड़क पर एक व्यक्ति की ओर से महिला सहित 2 लोगों की पिटाई का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

विपक्ष ने इसे लेकर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला है। विपक्षी दलों सीपीएम और बीजेपी की ओर से बताया गया कि यह वीडियो बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले का है। यह घटना पिछले हफ्ते की बताई जा रही है। विपक्षी नेताओं के मुताबिक, हमलावर स्थानीय निवासी है जिसका नाम तजम्मुल है और उसके तृणमूल कांग्रेस से संबंध हैं। वह लोकल मसलों पर त्वरित न्याय के लिए जाना जाता है।

वीडियो में महिला को एक आदमी बार-बार लाठियों से मारता दिख रहा है। वह दर्द से कराह रही है। मौके पर कुछ और लोग मौजूद हैं जो चुपचाप खड़े होकर तमाशा देख रहे हैं। वायरल वीडियो में हमलावर व्यक्ति एक पुरुष को भी लाठियों से पीटता नजर आता है। इस दौरान एक अन्य महिला उसे रोकने की कोशिश करती नजर आती है। हालांकि, वह हमले जारी रखता है। भीड़ के अधिकांश सदस्य उसे रोकने का प्रयास नहीं करते, बल्कि उसकी मदद करते नजर आते हैं। इस बीच, वह महिला के बाल पकड़ता है और उसे लात मारने लगता है। घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि उसने पिटाई करने वाले व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है और उसकी तलाश जारी है।

बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख और बंगाल के लिए पार्टी के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने एक्स पर यह वीडियो पोस्ट किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा, वीडियो में महिला को जो आदमी बेरहमी से पीट रहा है, उसका नाम तजम्मुल है। वह अपनी इंसाफ सभा के जरिए त्वरित न्याय के लिए फेमस है। वह स्थानीय विधायक हमीदुर रहमान का करीबी सहयोगी है। उन्होंने कहा कि देश को टीएमसी की ओर से संचालित पश्चिम बंगाल में शरिया अदालतों के बारे में जानना चाहिए। हर गांव में एक संदेशखाली है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महिलाओं के लिए अभिशाप बन गई हैं। बंगाल में कानून-व्यवस्था का कोई नामोनिशान नहीं बचा है। क्या ममता बनर्जी इस राक्षस के खिलाफ कार्रवाई करेंगी या उसका बचाव करेंगी? जैसा कि वह संदेशखाली मामले में शेख शाहजहां के लिए खड़ी हुई थीं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908